प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



उत्तर प्रदेश में कैसी है ब्राम्हण वोटों की राजनीति पेज- 2

www.newswani.in

पेज- 8 गरीबों व मजलूमों के मसीहा थे आलम बदी आजमी : गयास

वर्ष : 15 अंक : 220 | शनिवार 01 अगस्त, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

# रुचिका के बचाव में बीजेपी प्रवक्ता बोले- अपशब्दों का इस्तेमाल देश में कब से अपराध

## -लोग रोजाना ऐसी भाषा का करते हैं इस्तेमाल

(एजेंसी) नई दिल्ली। जंतर–मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में दर्ज जीरो एफआईआर को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि आपत्तिजनक भाषा का समर्थन नहीं किया जा सकता, लेकिन ऐसी घटनाओं में आपराधिक न्याय प्रणाली का इस्तेमाल कर युवाओं को निशाना बनाना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार से अपील की कि अभिव्यक्ति और कानून–व्यवस्था के बीच संतुलन बनाए रखा जाए तथा पुलिस कार्रवाई का इस्तेमाल किसी को अनावश्यक रूप से परेशान करने के लिए न हो। सौरव दास ने कहा कि किसी भी सार्वजनिक मंच पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल उचित नहीं माना जा सकता और इसकी आलोचना की जा सकती है। हालांकि, उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केवल अपशब्दों के प्रयोग को आपराधिक कार्रवाई का आधार बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति और विरोध के दौरान कही गई बातों का मूल्यांकन कानून के दायरे में होना चाहिए, लेकिन हर विवादास्पद टिप्पणी पर कठोर आपराधिक कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं मानी जा सकती। सीजेपी प्रवक्ता ने अपने बयान में यह भी कहा कि कई जनप्रतिनिधियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले लंबित हैं, फिर भी उनके मामलों में कार्रवाई की गति पर अक्सर सवाल उठते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चयनात्मक कार्रवाई की धारणा लोकतांत्रिक संस्थाओं पर लोगों के भरोसे को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, उन्होंने किसी विशेष मामले या न्यायिक प्रक्रिया का विस्तृत उल्लेख नहीं किया। सौरव दास ने कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन को युवाओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने अपील की कि संबंधित युवती के मामले में निष्पक्ष और कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाए तथा अनावश्यक दबाव या उत्पीड़न से बचा जाए। उनका कहना था कि कानून का उद्देश्य न्याय सुनिश्चित करना होना चाहिए, न कि भय का वातावरण बनाना। यह विवाद दिल्ली के जंतर–मंतर पर आयोजित एक प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। मामले में नोएडा के एक्सप्रेसवे थाना पुलिस ने एक युवती के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज की है। चूंकि कथित घटना दिल्ली में हुई थी, इसलिए वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद मामला आगे की जांच के लिए दिल्ली पुलिस को स्थानांतरित कर दिया गया है। एफआईआर गाजियाबाद निवासी अधिवक्ता स्मृति सिंह की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि जंतर–मंतर पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान आरोपी युवती ने सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री के लिए कथित रूप से अमर्यादित और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। शिकायतकर्ता का कहना है कि ऐसी टिप्पणी से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा प्रभावित होती है और इससे सामाजिक सौहार्द पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। बताया गया कि प्रदर्शन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिकायतकर्ता ने संबंधित युवती की पहचान की और पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद पुलिस ने उपलब्ध शिकायत और प्रारंभिक तथ्यों के आधार पर मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवती मूल रूप से हरियाणा के फरीदाबाद की रहने वाली है और वर्तमान में नोएडा के सेक्टर–168 स्थित एक आवासीय सोसायटी में फ्लैट की मालिक है। जांच के दौरान पुलिस जब उसके पते पर पहुंची तो फ्लैट बंद मिला। नोएडा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को दिल्ली पुलिस को भेज दिया है।




अब आगे की जांच, वायरल वीडियो की सत्यता, कथित बयान की परिस्थितियों और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच दिल्ली पुलिस करेगी। फिलहाल मामले में दोनों पक्षों के अलग–अलग तर्क सामने आए हैं। एक ओर शिकायतकर्ता संवैधानिक पद की गरिमा का हवाला देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं सीजेपी पुलिस कार्रवाई को असंतुलित बताते हुए निष्पक्ष और संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की अपील कर रही है। मामले की वास्तविक स्थिति जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी।

## क्या सीजेपी छोड़ने जा रहे हैं शहजाद पूनावाला? एक्स बायो से हटाया पार्टी का नाम

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स




पर अपने प्रोफाइल का परिचय (बायो) बदला, जिसमें उन्होंने भाजपा का कोई उल्लेख नहीं किया। इसके बाद उनके पार्टी छोड़ने की अटकलें तेज हो गईं। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, क्योंकि बार–बार संपर्क करने की कोशिश के बावजूद पूनावाला से टिप्पणी नहीं मिल सकी। अपने नवीनतम बायो में पूनावाला ने लिखा है, धर्म–इस्लाम, संस्कृति–हिंदू, विचारधारा–भारतीय, लेखक जीएसटी की यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आजीवन अनुयायी। उन्होंने अपने एक्स खाते पर नवीनतम बायो का स्क्रीनशॉट भी साझा किया। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब कुछ दिन पहले ही पूनावाला ने भाजपा छोड़ने के संकेत देते हुए कहा था कि सक्रिय राजनीति से आगे बढ़ने का समय आ गया है। शुक्रवार को उन्होंने एक्स पर अपने विभिन्न साक्षात्कारों के उन वीडियो को भी दोबारा साझा किया, जिनमें उन्होंने सक्रिय राजनीति से आगे बढ़ने संबंधी टिप्पणियां की थीं।

## क्या आप भाजपा से हैं-दिल्ली पुलिसकर्मियों के परिजनों की प्रेस कांफ्रेंस पर राहुल गांधी का तीखा हमला

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को 20 जुलाई को जंतर–मंतर से संसद तक निकाले गए छात्र मार्च के दौरान घायल हुए दिल्ली पुलिसकर्मियों के परिवारों की स्थिति से जुड़े एक सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए टिप्पणी की, क्या आप भाजपा से हैं? शुक्रवार को दिन में इससे पहले 20 जुलाई को प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ हुई झड़पों में घायल हुए दिल्ली पुलिस के कर्मियों के कई परिवारों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें उन्होंने उस दिन की आपबीती और उन कठिन परिस्थितियों का ब्योरा साझा किया, जिनका सामना उन्हें करना पड़ा। उन्होंने उन लोगों से जवाब भी मांगा जो हिंसा का राजनीतिकरण कर प्रदर्शनकारी समूहों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं और अपने परिवारों के लिए न्याय की मांग की। जब संसद परिसर में एक पत्रकार ने राहुल गांधी से उस प्रेस कॉन्फ्रेंस पर प्रतिक्रिया मांगी, जिसमें पुलिसकर्मियों के परिवारों ने अपनी शिकायतें और परेशानियां साझा की थीं, तो राहुल गांधी ने झुंझलाते हुए पूछा, भैया, क्या आप भाजपा से हैं? राहुल गांधी की इस प्रतिक्रिया को दिल्ली पुलिसकर्मियों के प्रति असंवेदनशील और उदासीन माना जा रहा है। इससे पहले पुलिसकर्मियों के परिवारों ने हिंसा में घायल हुए अपने परिजनों की पीड़ा के व्यक्तिगत अनुभव साझा किए थे और सवाल उठाया था कि प्रदर्शनकारियों के पक्ष में उनकी तकलीफों को क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है, जबकि उनमें से कई का कथित रूप से आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, संसद चलो मार्च के हिंसक हो जाने के बाद 200 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए थे, जिनमें कुछ गंभीर रूप से जख्मी हुए। बताया गया कि



प्रदर्शनकारी समूहों की ओर से पथराव और हिंसा हुई तथा उनमें असामाजिक और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले तत्व भी शामिल थे। 20 जुलाई के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसक झड़पों में घायल दिल्ली पुलिसकर्मियों के परिवारों द्वारा न्याय की मांग किए जाने के बाद यह मुद्दा राजनीतिक विवाद का रूप ले चुका है। कांग्रेस और भाजपा इस मामले को लेकर एक–दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। एक प्रमुख विपक्षी नेता ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह छात्रों पर हुई कथित बर्बरता से ध्यान हटाने के लिए पुलिस और छात्रों को आमने–सामने खड़ा करने की साजिश रच रही है। वहीं, भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशीलता को लेकर विपक्षी नेताओं पर सवाल उठाए। मीडिया से बातचीत में रविशंकर प्रसाद ने कहा, "पुलिसकर्मियों पर हमला और उन्हें लगी चोटें ऐसा विषय है, जिस पर हमें संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। उनके भी परिवार हैं, उनके भी बच्चे हैं और उनके भी मानवाधिकार हैं। उन्होंने कहा, "हम युवाओं का सम्मान करते हैं लेकिन यदि ऐसे प्रदर्शनों के पीछे अपराधी तत्व शामिल हैं और वे पुलिसकर्मियों पर हमले में भी शामिल हैं, तो यह गंभीर सवाल खड़े करता है। रुचिका के बचाव में बीजेपी प्रवक्ता बोले, अपशब्दों का इस्तेमाल देश में कब से अपराध, लोग रोजाना ऐसी भाषा का करते हैं इस्तेमाल सौरव दास ने कहा कि किसी भी सार्वजनिक मंच पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल उचित नहीं माना जा सकता और इसकी आलोचना की जा सकती है। हालांकि, उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केवल अपशब्दों के प्रयोग को आपराधिक कार्रवाई का आधार बनाया जाना चाहिए।

## आईआरसीटीसी घोटाला मामले में लालू परिवार के खिलाफ आरोप तय किए जाने पर 14 अगस्त तक फैसला टला

(एजेंसी) नई दिल्ली। आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर फैसला शुक्रवार को फिर टल गया। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट आईआरसीटीसी घोटाला मामले में सुनवाई कर रही है। शुक्रवार को अदालत को लालू परिवार पर आरोप तय करने के संबंध में फैसला देना था। हालांकि, इसे 14 अगस्त तक के लिए टाल दिया गया है। इससे पहले, 16 जून को अदालत ने मामले में 31 जुलाई तक के लिए आरोप तय करने पर टाल दिया था। इस मामले में लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव, बेटी मीसा भारती और हेमा यादव सहित कई अन्य लोग आरोपी हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुसार, 2004 से 2009 के बीच जब लालू प्रसाद यादव



रेल मंत्री थे, तब आईआरसीटीसी के होटलों के संचालन के लिए दिए गए ठेकों में अनियमितताएं की गईं। जांच एजेंसी ने दावा किया कि होटलों के रखरखाव का ठेका तय नियमों और प्रक्रिया का पालन किए बिना राजद प्रमुख के करीबी सहयोगियों से जुड़ी एक निजी कंपनी को दिया गया था। अभियोजन पक्ष का यह भी आरोप है कि इन ठेकों के बदले में लालू प्रसाद यादव के परिवार और उनके सहयोगियों से जुड़ी एक बेनामी कंपनी के माध्यम से करीब तीन एकड़ कीमती जमीन हासिल की गई। हालांकि, लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार ने लगातार इन आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि आईआरसीटीसी होटलों के लिए टेंडर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से दिए गए थे। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट में भी लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव की ओर से दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाएं लंबित हैं जिनमें उसी कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है।

## मुजफ्फरनगर प्रशासन सख्त, कांवड़ यात्रा मार्ग पर 12 अगस्त तक मांस-शराब की ब्रिकी पर रोक

### -उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

(एजेंसी) मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित मांस की सभी दुकानों तथा मांसाहारी भोजन परोसने वाले भोजनालय 12 अगस्त तक बंद करा दिए गए हैं, जबकि शराब की दुकानें पर्दे लगाकर संचालित की जाती रहेंगी। जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर ने बताया कि जिले में शराब की सभी दुकानें खुली हैं, लेकिन कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित 113 दुकानों को पर्दों से ढक दिया गया है। सहायक आयुक्त अर्चना धीरन ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग पर स्थित मांसाहारी भोजन परोसने वाले सभी रेस्तरां, ढाबे और अन्य प्रतिष्ठान संचालित करने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्रावण मास की शुरुआत के साथ 30 जुलाई से कांवड़ यात्रा



प्रारंभ हो चुकी है और श्रद्धालु मुजफ्फरनगर पहुंचने लगे हैं। श्रद्धालु शिव चौक स्थित शिव मंदिर की परिक्रमा भी कर रहे हैं। कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण और सुचारू संचालन के लिए यात्रा मार्गों पर भारी पुलिस बल तथा आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) तैनात किया गया है। इसके साथ ही पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर पैदल अपने–अपने गृह नगर पहुंचते हैं और वहां स्थित शिव मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। यह यात्रा 11 अगस्त को संपन्न होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात, मौसम विभाग ने अगले दिनों में अधिक वर्षा की संभावना जताई

(एजेंसी) श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के कई हिस्सों में शुक्रवार को भारी बारिश से कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ आ गई। इसी बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है। कश्मीर के ज्यादातर इलाकों में रातभर बारिश हुई जो शुक्रवार सुबह तक जारी रही। बडगाम, बारामूला और



बांदीपोरा जैसे इलाकों में काफी बारिश हुई। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण बारामूला और बांदीपोरा जिलों में अचानक बाढ़ की स्थिति बन गई। उन्होंने बताया कि हालांकि इसमें किसी की जान नहीं गई। अधिकारियों के मुताबिक, बांदीपोरा जिले के सदरकूट बाला इलाके में भारी बारिश से अचानक बाढ़ आ गई जिससे सड़कों और एक सरकारी स्कूल पर असर पड़ा। गनी मोहल्ला, मालपोरा स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में बारिश का गंदा पानी भर गया जिससे कक्षाओं में बिछाई गई दरियां खराब हो गईं और कक्षाएं स्थगित कर दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला में सोपोर कस्बे के ब्रेनर इलाके में अचानक बाढ़ आ गयी लेकिन किसी भी संपत्ति के नुकसान की खबर नहीं है। प्रशासन इन इलाकों में स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है। विभाग ने साथ ही चार अगस्त तक कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने तथा कुछ स्थानों पर थोड़े समय के लिए तेज बारिश होने का अनुमान जताया।

### खराब मौसम के कारण बालटाल मार्ग से अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित, श्र)ालुओं को रोका गया

(एजेंसी) श्रीनगर। खराब मौसम और मार्ग की मरम्मत के काम के कारण बालटाल रास्ते से वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुक्रवार को स्थगित कर दी गयी। उन्होंने बताया कि आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण पहलगाम मार्ग से अमरनाथ यात्रा पहले ही स्थगित की जा चुकी है। बृहस्पतिवार रात बालटाल क्षेत्र में भारी बारिश हुई, जिससे एक स्थान पर अचानक बाढ़ आने की स्थिति पैदा हो गई। इस घटना में किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिकूल मौसम और मार्ग पर चल रहे मरम्मत कार्य को देखते हुए बालटाल मार्ग से किसी भी श्रद्धालु को पवित्र गुफा मंदिर की ओर जाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर मरम्मत का काम जारी है। वार्षिक अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू हुई थी और अब तक लगभग 4.5 लाख श्रद्धालु प्राकृतिक रूप से बने हिम शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं। यह यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर समाप्त होगी।

# सम्पादकीय

## यादगार उपलब्धियां

आस्ट्रेलिया में 2020 . 21 दौरे पर सिताराहीन भारतीय टीम को टेस्ट श्रृंखला में अपनी कप्तानी में ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले भारत के सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने इंटरनेशनल क्रिकेट को यह कहकर अलविदा कह दिया कि आगे बढने का सही समय आ गया है। मैं नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि भारत के लिये 2013 में डेब्यू करने वाले 38 साल के रहाणे ने 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी20 खेले हैं। वह 2023 में वेस्टइंडीज में टेस्ट सीरीज के बाद भारत के लिये नहीं खेले हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल के दौरान भी हालांकि कहा था कि उन्होंने वापसी की उम्मीद छोड़ी नहीं है। बहरहाल, वहीं दूसरी ओर बीसीसीआई ने रहाणे के लिए पोस्ट में लिखा, एक शानदार करियर का समापन, भारतीय क्रिकेट में आपके अहम योगदान और उन सभी यादगार पलों के लिए धन्यवाद, जिन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। आपके अगले सफ़र के लिए बहुत–बहुत शुभकामनाएं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। रहाणे ने अपने करियर में यूं तो कई बड़े मुकाम हासिल किए, लेकिन आइए उनके करियर से जुड़ी आपको पांच सबसे बड़ी उपलब्धियों के बारे में बताते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 147 रनों की यादगार पारी– साल 2014 में मेलबर्न क्रिकेट गाउंड में ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ तेज गेंदबाजों का सामना करते हुए अजिंक्य रहाणे ने 147 रनों की शानदार पारी खेली थी। मिचेल जॉनसन, रयान हैरिस, जोश हेजलवुड और शेन वॉटसन जैसे गेंदबाजों के सामने रहाणे ने डटकर सामना किया था और यादगार शतकीय पारी खेली थी. रहाणे ने विराट कोहली संग मिलकर 262 रनों की साझेदारी निभाई थी, जिसके दम पर भारतीय टीम इस मुकाबले को ड्रॉ कराने में सफल रही थी। लॉड्र्स की यादगार पारी– इंग्लैंड के खिलाफ लॉड्र्स के मैदान पर लहराती हुई गेंदों के खिलाफ रहाणे ने शतकीय पारी खेली थी। रहाणे की यह पारी उस समय आई थी जब भारतीय टीम 145 के स्कोर पर ही 7 विकेट गंवाकर मुश्किल में नजर आ रही थी। हालांकि, रहाणे ने एक छोर संभालकर खड़े रहे और उन्होंने 154 गेंदों में 103 रनों की शानदार पारी खेलते हुए भारतीय टीम को 295 के टोटल तक पहुंचाया था। भारतीय टीम इस टेस्ट मैच को 95 रनों से अपने नाम करने में सफल रहा था। रहाणे की यादगार पारी के बूते भारत ने लॉड्र्स के मैदान पर 28 साल बाद जीत दर्ज की थी। मेलबर्न की ऐतिहासिक जीत– बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2020–21 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में 36 रनों पर ऑलआउट होने और शर्मनाक हार झेलने के बाद भारतीय टीम का मनोबल पूरी तरह से टूटा हुआ था। नियमित कप्तान विराट कोहली इस हार के बाद अपने बच्चे के जन्म की वजह से स्वदेश लौट गए थे। सीरीज के बाकी मैचों के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी अजिंक्य रहाणे के हाथों में थी। मेलबर्न के मैदान पर सीरीज के दूसरे टेस्ट में रहाणे ने न सिर्फ बेहतरीन कप्तानी की थी, जबकि बल्ले से भी 112 रनों की शानदार पारी खेलकर भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। एडिलेड की शर्मनाक हार के बाद रहाणे ने टीम को जिस तरह से एकजुट करते हुए मेलबर्न में जीत दर्ज की थी उसकी तारीफ हर तरफ हुई थी। रहाणे की कप्तानी इस पूरी सीरीज में बेहद प्रभावशाली रही थी और भारतीय टीम ने जबरदस्त वापसी करते हुए सीरीज को 2–1 से अपने नाम किया था। यह सीरीज भारत की सबसे ऐतिहासिक जीतों में से एक मानी जाती है। दोनों पारियों में शतक का रिकॉर्ड– साल 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच की दोनों ही पारियों में शतक लगाकर रहाणे ने भारतीय टीम को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पहली पारी में रहाणे की 127 रनों की लाजवाब पारी के बूते टीम इंडिया 334 रनों के टोटल तक पहुंचने में सफल रही थी। वहीं, दूसरी पारी में रहाणे 100 रन बनाकर नाबाद रहे थे। रहाणे नंबर पांच या उससे नीचे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए दोनों ही पारियों में शतक लगाने वाले इकलौते भारतीय हैं। बतौर कप्तान अजिंक्य रहाणे का रिकॉर्ड जबरदस्त रहा। उन्होंने भारतीय टीम की टेस्ट में छह मुकाबलों में कप्तानी की। इनमें से 4 टेस्ट मैचों में टीम इंडिया ने जीत दर्ज की, जबकि 2 मुकाबले ड्रॉ रहे. रहाणे की कप्तानी में भारतीय टीम ने एक भी मैच में हार का सामना नहीं किया।


नफीस जाफरी

# उत्तर प्रदेश में कैसी है ब्राम्हण वोटों की राजनीति


गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव अगले साल होने हैं। लेकिन उसकी बिसात अभी से बिछाई जा रही है। उत्तर प्रदेश की जाति–धर्म वाली राजनीति में नाम का बड़ा महत्व है। इसलिए प्रदेश में अलग–अलग सरकारों ने जिलों और शहरों के नाम अपनी–अपनी सुविधा के अनुसार बदले हैं। इस कड़ी में सबसे नया कदम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उठाया है। उन्होंने बीते दिनों भदोही जिले का नाम बदलकर संत रविदास नगर करने की घोषणा की। इस तरह भदोही का नाम पांचवीं बार बदलेगा। भदोही उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा जिला नहीं है, जिसका नाम बदला गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भदोही जिले का नाम बदलकर संत रविदास नगर करने की घोषणा की। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने 1994 में भदोही को जिला बनाया था. अपने कालीनों के लिए दुनिया भर में मशहूर भदोही पहले वाराणसी जिले की एक तहसील हुआ करता था। जिला बनने के करीब तीन साल बाद 1997 में तत्कालीन मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने इस जिले का नाम संत रविदास नगर कर दिया। इसके बाद नवंबर 1999 में भाजपा सरकार ने इसका नाम संत रविदास नगर भदोही कर दिया। यही नाम करीब डेढ़ दशक तक चलता रहा। लेकिन 2014 में अखिलेश यादव की सरकार ने संत रविदास नगर भदोही का नाम फिर से भदोही कर दिया। अब भदोही का नाम एक बार फिर संत रविदास नगर होगा। तो वहीं दूसरी ओर दिल्ली के जंतर–मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का विरोध–प्रदर्शन अब खत्म हो चुका है। लेकिन इस प्रदर्शन ने सामाजिक न्याय, समानता और मेरिट को लेकर एक राष्ट्रीय बहस शुरू की है। बहस अभी भी जारी है। उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होना है। यूपी में यह बहस सीधे चुनावी गणित से जुड़ती दिखाई दे रही है। इस समय उत्तर प्रदेश में तीन बड़े राजनीतिक पहलू एक साथ सामने हैं, भाजपा का पारंपरिक सवर्ण वोट बैंक, समाजवादी पार्टी की बढ़ती जातीय पहुंच और पूरे देश में सामाजिक न्याय को लेकर चल रही बहस। देश के बहुत कम राज्यों में ये तीनों बातें एक साथ और इतने बड़े स्तर पर दिखाई देती हैं। माना जाता है कि उत्तर प्रदेश की आबादी में ब्राह्मण करीब 10 फीसद है। इनकी सबसे अधिक संख्या मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश में है। अगर राजपूत, बनिया और अन्य सवर्ण समुदायों को भी जोड़ दिया जाए, तो यह एक बड़ा और प्रभावशाली वोट बैंक बन जाता है। पिछले दो चुनाव में इस वर्ग ने बड़े पैमाने पर भाजपा का समर्थन किया है। सीएसडीएस–लोकनीति के सर्वे के मुताबिक 2022 विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण, राजपूत और वैश्य जैसे सवर्ण मतदाताओं में से 79 फीसद ने एनडीए को वोट दिया था। जबकि विपक्षी गठबंधन को केवल 16 फीसद वोट मिले थे। इसके बाद 2024 लोकसभा चुनाव में भी यह समर्थन करीब–करीब बना रहा। इस सर्वे में पाया गया कि 10 में से नौ राजपूत मतदाताओं ने बीजेपी



का साथ दिया। हालांकि, 2024 के चुनाव में दूसरी तरफ एक बड़ा बदलाव भी देखने को मिला। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में 43 सीटें जीतीं। वहीं भाजपा को 33 सीटें मिलीं थी। इसका मुख्य कारण ओबीसी, दलित और मुस्लिम वोटों का एकजुट होना था। विपक्ष ने संविधान और आरक्षण खत्म होने की आशंका को मुद्दा बनाया था। भाजपा इसका ठीक से जवाब नहीं दे पाई थी। यानी सवर्ण वोट अभी भी भाजपा के साथ हैं, लेकिन बाकी सामाजिक गठबंधन ने दिखा दिया कि भाजपा को हराया जा सकता है। इस साल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के इक्विटी विवाद ने पहली बार भाजपा के इस सवर्ण वोट बैंक में कुछ असंतोष पैदा किया। उत्तर प्रदेश में इसका खास असर देखने को मिला। बरेली के एक मजिस्ट्रेट ने विरोध में इस्तीफा दे दिया और लखनऊ में भाजपा के 10 से अधिक सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी। यह केवल विपक्ष का प्रचार नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे भाजपा के मजबूत समर्थन आधार में आई हल्की दरार के रूप में देखा जा रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, जहां ब्राह्मणों की संख्या अधिक है और जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का राजनीतिक क्षेत्र भी है। वहां इस बदलाव पर खास नजर रहेगी। अगर यहां ब्राह्मण वोटों में कमी आती है, तो इसका सबसे ज्यादा असर भाजपा पर पड़ेगा। भाजपा ने इस चुनौती का जवाब मनोज पांडेय को आगे करके दिया है। वह पहले अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी में थे। अब वो योगी सरकार में मंत्री हैं। उन्हें 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रमुख सवर्ण चेहरा माना जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी ने माता प्रसाद पांडेय को आगे किया है। उन्हें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया गया। सात बार के विधायक पांडेय दो बार विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। अखिलेश यादव अब अपनी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति को आगे बढ़ाते हुए इसमें अगड़ा (सवर्ण) वर्ग को भी जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसी रणनीति के तहत वो गोरखपुर के वरिष्ठ ब्राह्मण नेता रहे हरिशंकर तिवारी को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित समारोह में शामिल हुए थे। 2022 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 402 सीटों पर चुनाव लड़ते हुए 40 ब्राह्मण उम्मीदवार उतारे थे। वहीं भाजपा ने 68 ब्राह्मणों को टिकट दिया था, यह किसी एक जाति को दिए गए सबसे अधिक टिकट थे। इससे साफ है कि दोनों पार्टियां ब्राह्मण वोटों को बेहद महत्वपूर्ण मानती हैं। अब सवाल यह है कि क्या 2027 में समाजवादी पार्टी इस वर्ग में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा पाएगी? बहुजन समाज पार्टी भी इस मुकाबले से बाहर नहीं है। साल 2022 के चुनाव से पहले मायावती ने पार्टी के महासचिव सतीश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में ब्राह्मणों को जोड़ने का अभियान चलाया था। उनका कहना था कि भाजपा ब्राह्मणों के हितों की रक्षा नहीं कर सकती। हालांकि इससे चुनाव नतीजों में ज्यादा फर्क नहीं पड़ा, लेकिन इससे यह साफ हो गया कि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण वोटों के लिए अब तीनों बड़ी पार्टियां कोशिश कर रही हैं। मायावती ने 2007 में श्सर्वजनश रणनीति के तहत रिकॉर्ड 86 ब्राह्मणों को टिकट दिया था। दलित–ब्राह्मण गठजोड़ की बदौलत बसपा ने 403 में से 206 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया था। यह उदाहरण आज भी इस बात के प्रमाण के रूप में दिया जाता है कि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण मतदाता किसी एक पार्टी के स्थायी समर्थक नहीं हैं। सही परिस्थितियां और प्रभावी संदेश मिलने पर उनका रुख बदल सकता है। अब सबसे महत्वपूर्ण सवाल ये है कि क्या सपा का ब्राह्मणों को अपने साथ जोड़ने का प्रयास वोटों में बदलेगा या सिर्फ सहानुभूति तक सीमित रहेगा? क्या मनोज पांडेय की मौजूदगी भाजपा के सवर्ण वोटों को बनाए रख पाएगी या यूजीसी विवाद का असर ज्यादा होगा? क्या समाजवादी पार्टी 2027 में 2022 के मुकाबले कहीं अधिक ब्राह्मण उम्मीदवार उतारेगी? अगर 2027 में सपा और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ते हैं, तो कांग्रेस यूजीसी विवाद और आरक्षण के मुद्दे पर क्या रुख अपनाएगी? इन सवालों के जवाब ही तय कर सकते हैं कि 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव किसके पक्ष में जाएगा। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह पिछले एक दशक का सबसे कड़ा और दिलचस्प चुनाव हो सकता है।

# "गौमूत्र के एक्सपर्ट" आखिर प्रियंका का इशारा किसकी ओर था?


फरीद वारसी

ससद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में एंटी पेपर लीक पर चर्चा हुई। कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी भाषण दिया। उनके भाषण के दौरान बीच में जोरदार हंगामा भी हुआ। नए शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी पर उनकी टिप्पणी को लेकर हंगामा हुआ। अपने भाषण के आखिर में प्रियंका गांधी ने कुछ ऐसा कहा कि जिसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने उठकर कहा कि लग रहा है कि इन्होंने राहुल गांधी की स्पीच चोर कर ली। बहरहाल इस दौरान पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस बिल पर चर्चा हो रही है, उसे 2024 में पास किया जा चुका है और अब इसमें संशोधन कर सिर्फ सजा बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जब से ये बिल पास हुआ है, तब से एक भी अपराधी को सजा नहीं दी। इसके बाद ही प्रियंका गांधी ने कथित वोट चोरी और चंदा चोरी का मुद्दा भी उठाया। प्रियंका गांधी ने कहा, इस सरकार में हमने बड़ी–बड़ी चोरियां देखी हैं। चुनाव में वोटों की चोरी, राम मंदिर में चंदा चोरी, बड़े–बड़े उद्योगपतियों के द्वारा संपत्ति की चोरी, किसानों की जमीन की चोरी लेकिन सबसे बड़ी चोरी तब हुई जब देश के नौजवानों के भविष्य, उनके सपने चुराए गए. भविष्य की चोरी, सपने की चोरी किसी भी चोरी से कहीं बड़ी होती है। उन्होंने कहा कि अगर देश का युवा निराश हो गया, उसकी उम्मीद टूट गई तो सबसे बड़ी हार भारत की होगी। हम कांग्रेस और विपक्ष के लोग जान दे देंगे लेकिन भारत का हार नहीं होने देंगे। वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र की नई शिक्षा सुधार समिति के एक सदस्य को गोमूत्र विशेषज्ञ कह दिया। उन्होंने सीधे तौर पर किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी बातों का मतलब आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर प्रोफ़ेसर वी. कामाकोटी से जोड़ा गया। प्रियंका के इस बयान के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच एक नया विवाद शुरू हो गया है। भाजपा सांसदों ने प्रियंका के इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। मालूम हो कि आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर प्रोफ़ेसर वी. कामाकोटी उन छह डोमेन एक्सपर्ट्स में से एक हैं जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित एक हाई–पावर्ड टास्क फ़ोर्स में नियुक्त किया गया है। इस टास्क फ़ोर्स का काम सार्वजनिक परीक्षाओं को लीक–प्रूफ़ बनाने के लिए सुधारों की सिफ़ारिश करना है। यहां यह बताते चले कि लोकसभा को संबोधित करते हुए, प्रियंका गांधी ने भारत की परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए एक और समिति पर सरकार की निर्भरता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी से यही कहना चाहती हूं कि शायद उन्हें अपने सलाहकारों को बदलना



चाहिए। नई समितियां बनाने से काम नहीं चलेगा, चाहे उनका अध्यक्ष कोई भी हो। उन्होंने पहले की राधा. ष्णन समिति का जिक्र करते हुए कहा कि पिछली सिफारिशों को लागू नहीं किया गया था। उन्होंने कहा, सिस्टम में सुधार के लिए राधा.ष्णन कमिटी भी बनाई गई थी। आज तक उनकी एक भी सिफ़ारिश लागू नहीं की गई है। और इस नई कमिटी में आईबी के पूर्व चीफ़, एक प्ज कंपनी के मालिक और गौमूत्र के एक्सपर्ट भी शामिल हैं। हालांकि, प्रियंका गांधी ने उस व्यक्ति का नाम नहीं लिया, लेकिन इन टिप्पणियों का मतलब प्रोफेसर कामाकोटी पर निशाना साधना समझा गया। विदित हो कि प्रोफ़ेसर कामाकोटी गाय के मूत्र के कथित औषधीय फ़ायदों की वकालत करने के लिए जाने जाते हैं। जनवरी 2025 में चेन्नई में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गाय के मूत्र में एंटी–फंगल, एंटी–बैक्टीरियल और एंटी–इंलेमेटरी गुण होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शोधकर्ताओं ने इस विषय पर प्रयोग किए हैं और इन दावों का समर्थन करने वाले वैज्ञानिक शोध–पत्र प्रकाशित किए हैं। बाद में सोशल मीडिया पर उनके भाषण का एक वीडियो खूब वायरल हुआ, जिसमें आलोचकों ने उनकी बातों को अवैज्ञानिक बताकर मजाक उड़ाया और सवाल उठाया कि क्या भारत के प्रमुख संस्थानों में से एक के प्रमुख की ओर से ऐसी बातें कहना उचित है। अपने बचाव में उन्होंने कहा कि पीयर–रिव्यू वाले जर्नल्स में प्रकाशित पांच वैज्ञानिक शोध–पत्र गाय के मूत्र के एंटी–इंफेक्टिव गुणों के दावों का समर्थन करते हैं। उन्होंने जिन अध्ययनों का ज़िक्र किया, उनमें रोहित कुमार और अन्य लोगों का पेप्टाइड प्रोफ़ाइलिंग इन काऊ यूरिन रिवील्स मॉलिक्यूलर सिग्नेचर ऑफ़ फिजियोलॉजी– ड्रिवन पाथवेज़ एंड इन–सिलिको प्रेडिक्टेड बायोएक्टिव प्रॉपर्टीज़ शामिल था। प्रोफ़ेसर कामाकोटी के अनुसार, यह अध्ययन हरियाणा के करनाल में नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया था, 2021 में प्रकाशित हुआ था और नेचर पत्रिका में छपा था। उन्होंने एशियन जर्नल ऑफ़ फार्मास्युटिकल रिसर्च सहित कई रिव्यू जर्नल्स का भी ज़िक्र किया।

# छात्र आंदोलन - दिल्ली पुलिस को मुंबई पुलिस से सीखना चाहिए था सबक़


शबाब हुसैन

दिल्ली पुलिस ने राजधानी और दूसरी जगहों पर छात्रों के विरोध–प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुरक्षा बलों के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने वाले कई सोशल मीडिया अकाउंट्स को नोटिस जारी किए हैं। अपमानजनक पोस्ट करने वालों में कुछ न्यूज़ पोर्टल भी शामिल हैं। मिली जानकारी के मुकाबिक, पुलिस ने उन लोगों के बारे में जानकारी मांगने के लिए एक्स अकाउंट्स को नोटिस भेजे हैं, जिन्होंने अपनी पोस्ट में अपमानजनक और भद्दी भाषा का इस्तेमाल किया था। हालांकि अब तक ये साफ नहीं है कि नोटिस कितने एक्स अकाउंट्स को जारी किए गए हैं। तो वहीं दूसरी ओर विदित हो कि दिल्ली में बीते हते कॉर्कोच जनता पार्टी के आंदोलन के दौरान खूब हिंसा हुई। इस आंदोलन के दौरान दिल्ली पुलिस के बर्ताव को लेकर भी खूब सवाल उठाये। दिल्ली पुलिस पर आरोप लगे कि उसने छात्रों पर बल प्रयोग करके आंदोलन को और ज्यादा भडका दिया। क्या दिल्ली पुलिस इस आंदोलन को बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकती थी? आईये जानते हैं कि इसी तरह के घटनाक्रम से मुंबई पुलिस ने कैसे निपटा था। पिछले साल मुंबई पुलिस के सामने भी मराठा आंदोलन की शक्ल में ऐसी ही चुनौती आयी थी लेकिन मुंबई पुलिस ने बिना एक लाठी चलाये या किसी को एक थप्पड मारे बिना आंदोलन को खत्म करवा दिया था। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर 29 अगस्त 2005 की सुबह मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल जालना से मुंबई के आजाद मैदान पहुंच गये और वहां अपना अनशन शुरू कर दिया। उनके साथ 8 हजार वाहनों में महाराष्ट्र के अलग अलग इलाकों से करीब 60,000 आंदोलनकारी भी पहुंचे। एक साथ इतने लोगों के शहर में आ जाने से दक्षिण मुंबई में आम जनजीवन कुछ हद तक प्रभावित हुआ। 29 अगस्त से लेकर 2 सितंबर तक इन पांच दिनों में आंदोलनकारियों ने जमकर उत्पात मचाया। पुलिस के बैरीकेड ले उडे, रास्ता जाम किया, सीएसटी रेल स्टेशन पर कबड्डी खेली, दुकानों और शॉपिंग मॉल्स में जाकर हंगामा किया लेकिन पुलिस ने संयम बरता और कोई सख्ती नहीं बरती। ये आंदोलन बिना किसी हिंसा के शांतिपूर्वक निपट गया इस सफलता के पीछे मुंबई पुलिस कमिश्नर देवेन भारती और तत्कालीन ज्वाइंट कमिश्नर (कानून–व्ययस्था) सत्यनारायण चौधरी की बनायी पांच सूत्रीय पुख्ता रणनीति अहम थी। सबसे पहले इस बात की जानकारी




हासिल की गयी कि आंदोलन में कितने लोग आ सकते हैं, वे कहां कहां से आयेंगे और किन रास्तों से आयेंगे। इस जानकारी के आधार पर ट्रैफिक इस तरह से नियोजित किया गया कि बाहर से आ रहे आंदोलनकारी सीधे आजाद मैदान पहुंचे और मुंबई वालों को कम से कम दिक्कतों का सामना करना पडे। कुछ रास्ते आम लोगों के बंद किये गये तो कई जगह ट्रेफिक वैकल्पिक रास्तों की तरफ मोडा गया। पुलिस बंदोबस्त के वक्त मराठा आंदोलन के इतिहास को खंगाला गया। मराठा आंदोलनो में भूतकाल में खूब हिंसा हुई थी विशेषकर साल 2018 और 2023 में। मुंबई पुलिस ने उन आंदोलनों का विश्लेषण किया और जाना कि तब आंदोलन से निपटने में क्या क्या खामियां थीं। इस जानकारी के आधार पर तय हुआ कि मुंबई में हो रहे आंदोलन के वक्त क्या करना है और क्या नहीं। पुलिसकर्मी इस तरह के आंदोलन के दौरान कई कई घंटे एक जगह खडे रहते हैं। उन्हें खाना–पानी नहीं मिल पाता, धूप या बारिश के रूप में मौसम की मार पडती है सो अलग। ऐसे में कोई आंदोलनकारी अगर पुलिसकर्मियों से बदसलूकी करता है तो पुलिसकर्मी अपना आपा खो सकते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इस मनौवैज्ञानिक फैक्टर को भी ध्यान में रखा और अपनी टीम का मनोबल बनाये रखने के लिये प्रयास किये। वक्त पर खाने के लिये तैनात पुलिसकर्मियों के पास फूड पैकेट्स और पानी भिजवाया गया। पुलिस के बडे अधिकारी भी बंदोबस्त के लिये जमीन पर नजर बाकी पुलिसकर्मियों के साथ खडे नजर आये। पुलिसकर्मियों को ये भरोसा दिया गया कि सभी आला अधिकारी उनके साथ खडे हैं। पुलिसकर्मियों को समझाया गया कि आंदोलनकारी कितना भी उकसायें बल प्रयोग नहीं करना है। बल प्रयोग उसी स्थिति में किया जाना था जब किसी की जान का खतरा बन आता या फिर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता। पुलिस ने आंदोलनकारियों के बीच कुछ ऐसे स्वयंसेवक पहचान रखे थे जो कि उनकी बात सुनते और आंदोलनकारियों को समझाते। ये स्वयंसेवक (वॉलिंटियर्स) आंदोलकारियों और पुलिस के बीच एक संपर्क माध्यम की तरह थे। उस वक्त स्थिति इतनी विस्फोटक थी कि हल्का सा लाठीचार्ज भी बडे पैमाने पर हिंसा की आग भडका सकता था और इसका असर महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भी नजर आता। जब भी कहीं पुलिसकर्मियों और आंदोलनकारियों के बीच गर्मागर्मी होती, बडे अधिकारी उसमें मध्यस्थता करते और बात को वहीं खत्म करवाते। तमाम पूर्व तैयारियों के बावजूद भी अगर बात बिगड जाती और भीड हिंसा पर उतारू हो जाती तो उसके लिये भी मुंबई पुलिस ने आपातकालीन इंतजाम कर रखे थे। इसके लिये तकनीक की मदद ली गयी। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों की मदद से आंदोलनकारियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। मसलन अगर दक्षिण मुंबई में हिंसा भडक जाती तो वहां से लोगों को निकालने के लिये वैकल्पिक रास्ते तैयार रखे गये थे। इसके अलवा अहम सरकारी ठिकानों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल लगाये गये थे। 2 सितंबर को बॉम्बे हाईकोर्ट के दखल के बाद मनोज जरांगे पाटिल ने अपना आंदोलन वापस ले लिया। इसके बाद आंदोलनकारी शांतिपूर्व वापस अपने अपने जिलों में लौट गये। मुंबई शहर ने राहत की सांस ली और मुंबई पुलिस की रणनीति की तारीफ हुई। मुंबई पुलिस के पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर (कानून–व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी, जो अब ट्रैफिक पुलिस के प्रमुख हैं, का कहना है – मराठा आंदोलन से निपटना मेरे उस कार्यकाल की सबसे संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी थी। दिल्ली पुलिस ने अगर मुंबई पुलिस की प्लेबुक के कुछ पन्ने पढे होते तो शायद आज उसकी इतनी किरकिरी नहीं हो रही होती।

# नहीं बना रिवई-छानी मार्ग का चौथाई टुकड़ा ग्रामीण परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। चरखारी लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते बीते 3 साल से अधूरे पड़े रिवई–छानी मार्ग पर ग्रामीणों के लिए नासूर बन चुका है बताते चलें कि रिवई संतोषपुरा छानी दबका जरौली सबुआ सहित एक दर्जन से अधिक गाँवों के लिये राठ से कबरई जाने के लिये रिवई–छानी खुर्द मार्ग सबसे छोटा रास्ता है रिवई–छानी मार्ग की दूरी मात्र पौने पांच किमी है जहाँ पीडब्लूडी द्वारा 3 किमी सडक 2023 में ही बनाकर तैयार कर दी थी शेष बचे पौने दो किमी सड़क का निर्माण तीन वर्ष गुजरने के बाद भी अभी तक नहीं हो पाया है जिससे क्षेत्र के दर्जनों गाँवों के ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक जाने के लिये 15 किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड रहा है जहाँ ग्रामीण सालों से वाहनों को फर्राटा भरने की उम्मीद लगाये बैठे थे वहीं बारिश के बाद पैदल निकलना ही कठिन है घुटनों तक भरे पानी में कीचड़ में से निकालकर ग्रामीण अपना रास्ता तय कर रहे हैं गौरतलब है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा 214.76 लाख रुपए से वित्तीय वर्ष 2023 में छानी गाँव से रिवई के लिये 3 किमी सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था जबकि छानी से रिवई की दूरी पौने पांच किमी थी जिससे रिवई की ओर पौने दो किमी सड़क नहीं बन पायी थी जिसमें लोकनिर्माण विभाग द्वारा शेष पौने दो किमी सड़क निर्माण कार्ययोजना वजट आवंटित करने के लिए शासन को भेजी गई थी जो तीन साल गुजरने के बाद भी अभी तक स्वी.त नहीं हुयी है रिवई गाँव के निवासी बलराम सिंह रामदास अहिरवार शिवपाल यादव सत्येन्द्र सिंह आदि ने बताया कि रिवई छानी सडक निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से उन्हें 15 किमी चक्कर लगाकर गंतव्य तक जाना पडता है यदि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो हम लोग आंदोलन करने के लिए मजबूर होगे इस मामले में लोक निर्माण विभाग के जेई विनोद कुमार ने बताया कि कार्ययोजना भेज दी गई है जल्द ही रिवई छानी मार्ग के शेष पौने दो किमी मार्ग की स्वी.ति हो जायेगी इसके बाद अतिशीघ्र शेष भाग का सड़क निर्माण कार्य कराया जायेगा।



# लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने दोहरीघाट के ग्रामों का किया भ्रमण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति का आमजन के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के मूल्यांकन हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग से जनपद के लिए नामित अध्ययन दल द्वारा शुक्रवार को विकास खंड दोहरीघाट के ग्राम गोफा एवं बन्धनपुर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान टीम ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया। पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर जल निगम के जिला समन्वयक, जूनियर इंजीनियर, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि तथा संबंधित ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। अध्ययन दल ने ग्राम स्थित विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वयं सहायता समूहों, जल सखियों एवं ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर पाइपलाइन के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे शुद्ध पेयजल से होने वाले लाभों एवं जनसंतुष्टि की जानकारी प्राप्त की। साथ ही ग्रामीणों से नियमित जलापूर्ति, पानी की उपलब्धता तथा जल आपूर्ति के प्रेशर के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली तथा मौके पर इसकी जांच की। टीम द्वारा भ्रमण के दौरान प्राप्त तथ्यों एवं स्थानीय लोगों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर जल जीवन मिशन की प्रगति एवं उसके सामाजिक प्रभाव का मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे भविष्य में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आवश्यक सुधार के संबंध में सुझाव तैयार किए जा सकें।




# ट्रेजरी में कार्यरत दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जनपद ट्रेजरी कार्यालय में कार्यरत बुलबुल राम एवं दिनेश राम, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ ट्रेजरी अधिकारी संजय गुप्ता ने की। अपने संबोधन में वरिष्ठ ट्रेजरी अधिकारी ने दोनों कर्मचारियों के दीर्घकालीन सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का सदैव निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन किया। उन्होंने उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक नया अध्याय है, जिसे सकारात्मक सोच के साथ अपनाना चाहिए। इस अवसर पर दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए गए अनुभव साझा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह का समापन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर ट्रेजरी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# शिवालय बाग शिव मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण परिचर्चा का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। महामना मालवीय मिशन व अन्य सामाजिक संगठनों के तत्वावधान में आज पौराणिक शिवालय बाग शिव मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण परिचर्चा का आयोजन कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण विषयक अभियान से जन जन को जोड़ने का सामूहिक संकल्प लिया गया तथा परिसर में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर वन कर्मी, वनाधिकारी, पर्यावरण विदों के अलावा तमाम सामाजिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मालवीय मिशन की ओर से आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुन्दरेश ने कहा कि पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए आवश्यक है कि , अधिकाधिक संख्या में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया जाए तथा स्थानीय जन सहयोग से उनका प्रभावी संरक्षण भी किया जाए। उन्होंने बताया कि , विभाग की ओर से शिवालय बाग व रामलीआ मैदान के इलाकों में



संघन वृक्षारोपण योजना शुरू किया गया है जिसके तहत इस क्षेत्र में खाली पड़े स्थलों को चिन्हित कर वृक्षारोपण कराए जाने की बहुआयामी योजना तय की गई है वृक्षारोपण से समूचे नानपारा वासियों को प्राणवायु मिलेगा तथा जल संरक्षण में भी सफलता मिलेगी। महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि , संगठन के तत्वावधान में स्थानीय धार्मिक व सामाजिक संगठनों के सहयोग से सतत् पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण का अभियान चलाया जा रहा है तथा रोपित वृक्षों के संरक्षण हेतु क्षेत्रीय समाजसेवियों व पर्यावरण विदों का सहयोग भी लिया जा रहा है उन्होंने बताया कि ,विद्यालय , चिकित्सालय व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण चौपाल का आयोजन कर लोगों को वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। महंत शिवालय वीरेंद्र रवि गिरी जी महाराज ने बताया कि समूचे परिक्षेत्र में वृक्षारोपण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेंजर नानपारा पीयूष गुप्ता ने बताया कि , विभागीय योजना के तहत शिवालय बाग परिसर में वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पर्यावरण विद संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी , समाजसेवी अरविंद चौधरी , ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट , प्रधान संघ अध्यक्ष तकम्मस खां , डिप्टी रेंजर अमित वर्मा , शिक्षाविद अशोक कुमार , सनातन समाज नेता धर्मेन्द्र गुप्ता समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# गैंगस्टरों पर न्यायालय का करारा प्रहार, तीन अभियुक्त दोषी

## - 3-3 वर्ष का कारावास की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली नगर में तत्कालीन वादी विवेकानंद तिवारी द्वारा वर्ष 2014 में मु0अ0सं0 475/2014, धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत अभियुक्त राहुल पुत्र भृगुनाथ प्रसाद सोनी, धर्मपाल सिंह पुत्र रामचरण उर्फ रामभरोसे एवं अश्वनी सोनी पुत्र जगरूप सोनी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया गया था। अभियोजन के अनुसार अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह था, जिसके सदस्य संगठित रूप से अपराध कर आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित करने के अभ्यस्त थे। गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध पूर्व से कई आपराधिक मुकदमे पंजी.त थे। अभियुक्त संगठित रूप से अपराध कर जनता में भय एवं आतंक का वातावरण उत्पन्न करते थे। इनके विरुद्ध दर्ज आधारभूत मुकदमों एवं आपराधिक इतिहास के आधार पर गैंग चार्ट तैयार किया गया, जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया तथा अभियोजन स्वी.ति प्राप्त होने के बाद गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई। उक्त मुकदमे की विवेचना उप निरीक्षक शिवमिलन एवं उप निरीक्षक संतराम द्वारा संपादित की गई। विवेचना के दौरान अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास, गैंग चार्ट, एफआईआर, सामान्य डायरी एवं अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों का संकलन कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही उनके द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने, जनता में भय एवं आतंक का वातावरण उत्पन्न करने तथा अपराधों के माध्यम से आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित करने के आधार पर की गई थी। गिरोह की गतिविधियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहता था, जिसके कारण आमजन इनके विरुद्ध शिकायत करने एवं गवाही देने से भी कतराते थे। मामले की सुनवाई के दौरान दिनांक 17 अगस्त 2015 को न्यायालय द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप निर्धारित किए गए। अभियोजन ने मुकदमे में कुल 6 गवाह पेश कर साक्ष्य कराया तथा अभिलेखीय साक्ष्य न्यायालय में सिद्ध कराए गए। अभियोजन विभाग से समन्वय स्थापित कर समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर पैरोकार अभिलाष यादव कोर्ट मोहर्रिर रघुनाथ और अमित की प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशधविशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट), बांदा श्रीपाल सिंह ने उपलब्ध मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त राहुल पुत्र भृगु नाथ प्रसाद सोनी, धर्मपाल सिंह पुत्र रामचरण उर्फ रामभरोसे एवं अश्वनी सोनी पुत्र जगरूप सोनी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने अपने निर्णय में तीनों अभियुक्तों को 03–03 वर्ष के कठोर कारावास एवं 6,000–6,000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में प्रत्येक अभियुक्त को दो–दो माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।




# पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा योजना का बड़ा कैंप

## - तेजी से बनाए जा रहे स्टेट हेल्थ कार्ड

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद के समस्त राजकीय कर्मचारियों, सेवानिवृत्त पेंशनरों तथा उनके आश्रित परिजनों के स्टेट हेल्थ कार्ड त्वरित गति से बनाने और उनमें आ रही तकनीकी कमियों व समस्याओं का निस्तारण कराने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा विशेष पहल की गई है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजनाश के अंतर्गत विकास भवन परिसर में राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए तीन दिवसीय स्टेट हेल्थ कार्ड शिविर का शुभारंभ किया गया है। यह कैंप 31 जुलाई, 1 अगस्त और 2 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 04 बजे तक संचालित रहेगा। जिला स्वास्थ्य समिति के अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत कर्मचारियों और पेंशनरों को निम्नलिखित प्रमुख लाभ मिलते हैं। राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों को प्रदेश के सभी सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी




अस्पतालों में प्रतिवर्ष 5 लाख तक के मुत और कैशलेस इलाज की सुविधा मिलती है। कर्मचारी के साथ–साथ उनके आश्रित परिवारजनों को भी इस योजना में पूरी तरह कवर किया जाता है। कार्ड बन जाने के बाद आपातस्थिति में बिना एडवांस पैसे जमा किए मरीज का अस्पतालों में तुरंत इलाज शुरू हो जाता है। शिविर में कार्ड बनवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज कैंप में अपना स्टेट हेल्थ कार्ड ऑनलाइन बनवाने या अपडेट कराने के लिए कर्मचारी व पेंशनर अपने साथ प्रपत्र अवश्य लाएं। जिसमें मानव संपदा आईडी (केवल सेवारत कर्मचारियों के लिए), पीपीओ नंबर केवल सेवानिवृत्त पेंशनरों के लिए, आधार कार्ड (कर्मचारी/पेंशनर एवं आश्रितों का, जो चालू मोबाइल नंबर से लिंक हो), पासपोर्ट साइज फोटो एवं कार्यरत मोबाइल नंबर शामिल है। स्वास्थ्य विभाग एवं विकास भवन प्रशासन ने जनपद के समस्त विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और पेंशनरों से अपील की है कि वे 31 जुलाई से 2 अगस्त के बीच (प्रातः 11 से सायं 4 बजे तक) आयोजित इस तीन दिवसीय विशेष कैंप में पहुंचकर योजना का लाभ उठाएं और अपना व अपने परिवार का स्टेट हेल्थ कार्ड समय से बनवाएं।

# निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में शनिपुण भारत मिशनश के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा विभाग की प्रगति की गहन समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए, सीडीओ ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया में शत–प्रतिशत बच्चों के दाखिले पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। विद्यालयों का निरंतर आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान जो भी अध्यापक अनुपस्थित पाए जाएं, उनके विरुद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। शिकोहाबाद एवं एका ब्लॉक के विद्यालयों में नामांकन की धीमीध्खराब प्रगति पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सभी विद्यालयों में पूर्ण रूप से फर्नीचर उपलब्ध होना चाहिए। जर्जर भवनों से शिट किए गए विद्यालयों में फर्नीचर का प्रयोग अवश्य सुनिश्चित किया जाए। प्राथमिक विद्यालय लड़ीह के निर्माण की खराब गुणवत्ता पर सीडीओ ने सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने निर्माण कार्यदायी संस्थाध्फर्म को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिया कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो संस्था को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। विद्यालयों में दिव्यांग सुलभ शौचालयों के निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर इसे समय सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों को जमीन पर बैठाकर खाना न खिलाया जाए, उन्हें डाइनिंग टेबल/उपयुक्त व्यवस्था पर ही भोजन कराया जाए। विद्युत विभाग को सख्त निर्देश दिए गए कि जिन विद्यालयों के ऊपर से हाई–टेंशन या विद्युत तार गुजर रहे हैं, उन्हें तत्काल हटवाना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित व गरिमापूर्ण वातावरण मिले। नामांकन में शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के साथ–साथ विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं और स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाए। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारी और शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।



# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिला एवं बाल सुरक्षा के मामलों में दोषियों को सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते थाना कोतवाली क्षेत्र से जुड़े पॉक्सो के मामले में न्यायालय टीआरसी/पॉक्सो कोर्ट ने दोषी इंतजार अली पुत्र सलीम निवासी मकान संख्या 76 गली नंबर 1, गोला कुआं, आजादनगर थाना नौचंदी जनपद मेरठ को 20 वर्ष के कारावास एवं 65000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा न्यायालय से दोषियों को दंडित कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में की गई। मामला थाना कोतवाली क्षेत्र का है। वादिया द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर 23 मार्च 2024 को थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 84/2024, धारा 363, 366, 376 भादवि एवं 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजी.त किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त द्वारा वादिया की नाबालिग पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा ले जाया गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया गया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सौरभ सिंह द्वारा की गई। विवेचना के दौरान आवश्यक साक्ष्यों का संकलन कर अभियुक्त के विरुद्ध आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले की लगातार निगरानी करते हुए प्रभावी पैरवी के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। न्यायालय में थाना कोतवाली पुलिस टीम, पैरोकार कांस्टेबल अक्षय मोदी, मॉनिटरिंग सेल की टीम तथा एडीजीसी देवेन्द्र तिवारी द्वारा निर्धारित तिथियों पर गवाहों एवं अन्य साक्ष्यों को प्रस्तुत कर प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई। पुलिस एवं अभियोजन की इसी पैरवी के परिणामस्वरूप 31 जुलाई को टीआरसी/पॉक्सो कोर्ट ने अभियुक्त इंतजार अली को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कारावास एवं 65,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों में दोषियों को न्यायालय से कठोर सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी लगातार की जा रही है। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत हुई यह कार्रवाई अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की सख्त कार्यवाही और न्यायालय में प्रभावी पैरवी का परिणाम मानी जा रही है।



# पथवरिया में बिजली चोरी पर विद्युत विभाग की कार्रवाई

## – चार उपभोक्ताओं मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल ऋषभ देव एवं अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम के निर्देशानुसार विद्युत चोरी रोकने, बकायेदार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली करने तथा अन्य वाणिज्यिक बिंदुओं पर प्रभावी कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 31 जुलाई को उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविन्द कुमार एवं अवर अभियंता राकेश कुमार द्वारा विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त रूप से 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र .षि इंजीनियरिंग कॉलेज से पोषित क्षेत्र/मोहल्ला पथवरिया में मॉर्निंग रेड की गई। रेड के दौरान चार उपभोक्ताओं द्वारा अपने परिसर में केबल बाईपास, अतिरिक्त केबल तथा बिना संयोजन के विद्युत चोरी की जा रही थी। टीम द्वारा मौके पर वीडियोग्राफी कराते हुए सभी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। कार्रवाई की जद में आए उपभोक्ताओं में कोसर पत्नी अफजाल, अतिरिक्त केबलय पवन कुमार पुत्र मोतीलाल, केबल बाईपासय दानिश पुत्र मु0 अजीज, बिना संयोजन तथा शमशाद पुत्र याकूब, अतिरिक्त केबल शामिल हैं। इन चारों मामलों में कुल विद्युत भार 9 किलोवाट पाया गया। विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग द्वारा विद्युत चोरी के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही गई है।



# बरसात के मौसम में विद्यालयों में विशेष स्वच्छता व सुरक्षा अभियान चलाने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव, नमी एवं गंदगी के कारण मच्छरजनित और जलजनित रोगों के बढ़ते खतरे को देखते हुए विद्यालयों में दो दिवसीय विशेष स्वच्छता एवं सुरक्षा अभियान संचालित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में सभी परिषदीय विद्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित करने को कहा गया है। जारी निर्देशों के अनुसार विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शौचालयों, पेयजल स्रोतों तथा रसोईघरों की नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित की जाएगी। परिसर में किसी भी प्रकार का जलभराव न होने देने तथा समुचित जल निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालय भवनों की छतों पर जमा सूखे पत्तों एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर छतों की सफाई कराई जाएगी, ताकि वर्षा का पानी एकत्र न हो सके। मच्छरों की रोकथाम के लिए आवश्यकता अनुसार एंटी–लार्वा छिड़काव, फॉगिंग एवं अन्य निवारक उपाय स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से कराए जाएंगे। साथ ही पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित करने, पानी की टंकियों की सफाई एवं आवश्यकतानुसार कीटाणुशोधन कराने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालय परिसर में झाड़–झंखाड़, घास–फूस तथा जलभराव वाले स्थानों की नियमित सफाई भी कराई जाएगी। निर्देशों में विद्युत तारों, भवनों की छतों, दीवारों एवं अन्य संरचनाओं का निरीक्षण कर संभावित खतरों का तत्काल निस्तारण कराने पर भी विशेष बल दिया गया है। छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वच्छता, हाथ धोने की आदत, सुरक्षित पेयजल के उपयोग तथा वर्षा ऋतु में होने वाले रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। किसी भी प्रकार की असुरक्षित स्थिति या आपात परिस्थिति की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि अभियान के अंतर्गत कराए गए साफ–सफाई एवं सुरक्षा संबंधी कार्यों के फोटोग्राफ एवं वीडियो सुरक्षित रखें तथा प्रत्येक विकास खंड से दो फोटो एवं एक वीडियो काम पर साझा करना सुनिश्चित करें। यह भी बताया गया है कि अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में महानिदेशक स्तर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान की समीक्षा की जाएगी, इसलिए किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## पति की लाश पर भी नहीं आई पत्नी

### – परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरुवा सिन्नत खेड़ा में उस समय हड़कंप मच गया जब सुबह के समय संदिग्ध हालातो में घर के कमरे के अंदर मोहन (24) की लाश फांसी



के फंदे से झूलती मिली। मृतक के पिता के मुताबिक 2 वर्ष पूर्व मोहन ने गांव की खुशबू  के साथ प्रेम विवाह किया था। आए दिन दोनों में अनबन रहती थी और झगड़ा लड़ाई हुआ करता था। मेरे बेटे को खुशबू और उसके परिवार ने मिलकर फांसी पर लटका दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तहरीर के आधार पर खुशबू के पिता को हिरासत में ले लिया है और आगे की विधिक करवाई चल रही है। थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है जांच की जा रही है घटना के संबंध में जो भी न्यायिक प्रक्रिया है वह सुचारू रूप से प्रचलित है।

## सलोन कोतवाली पुलिस को कांग्रेसियों ने दिया प्रार्थना पत्र

### – भाजपा जिलाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली। कांग्रेस नेता पूर्व प्रत्याशी अर्जुन पासी के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसियों ने सलोन कोतवाली परिसर



पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी द्वारा सांसद राहुल गांधी पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर प्रार्थना पत्र दिया है। वही सलोन पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता धर्मेंद्र सिंह तनवीर अहमद आदिल मनीष सिंह मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र पांड़े आनंद सिंह आदि तमाम कॉग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिले में यातायात व्यवस्था होगी और हाईटेक

### – एसपी ने दो आधुनिक इंटरसेप्टर बाइकों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। जनपद में सड़क सुरक्षा को अधिक प्रभावी और तकनीक आधारित बनाने के लिए यातायात पुलिस को बड़ी



सौगात मिली है। यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस को दो अत्याधुनिक इंटरसेप्टर बाइक (रॉयल एनफील्ड हंटर 350) उपलब्ध कराई गई हैं। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय परिसर में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने इन दोनों बाइकों को हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा व्यवस्था के लिए रवाना किया।

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने बताया कि ये इंटरसेप्टर बाइकें अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों से पूरी तरह सुसज्जित हैं। इनमें लेजर–बेस्ड स्पीड डिटेक्शन सिस्टम, हाई–रिजॉल्यूशन कैमरे, वीडियो रिकॉर्डिंग सुविधा और पब्लिक एड्रेस सिस्टम (लाउडस्पीकर) जैसी आधुनिक सुविधाएं लगाई गई हैं। इन उपकरणों के जरिए ओवरस्पीडिंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, खतरनाक स्टंटबाजी, शराब पीकर वाहन चलाना, बिना सीट बेल्ट, और गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वालों की सटीक पहचान कर मौके पर ही वैध ाानिक कार्रवाई की जा सकेगी। एसपी ने बताया कि इन हाई–टेक बाइकों को सड़कों पर उतारने का मुख्य उद्देश्य लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर कड़ा नियंत्रण स्थापित करना है। इससे जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और अनुशासित यातायात व्यवस्था कायम होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की ही नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करे, तो खुद के साथ–साथ दूसरों की जिंदगी भी सुरक्षित की जा सकती है। लैग–ऑफ कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इनमें अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी (यातायात) रविकांत गोंड, प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह समेत पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी पर अभद्र टिप्पणी से भड़की कांग्रेस

### - डीएम कार्यालय पर सुशील पासी के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

घ्रायबरेली। नेता प्रतिपक्ष और जिले के सांसद राहुल गांधी के खिलाफ कथित तौर पर अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ गया है। बीते एक दिन पहले भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी द्वारा दिए गए बयान और अभद्र भाषा के विरोध ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधि ाकारी कार्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और धरना दिया। घ्सुशील पासी के नेतृत्व में कांग्रेस का हल्ला बोल घ्कांग्रेस नेता सुशील पासी के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे और परिसर में ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। घ्धरने के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता सुशील पासी ने राज्य और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी




की सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। भाजपा ने युवाओं को रोजगार देने का बड़ा वादा किया था, लेकिन आज तक वह वादा पूरा नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार जनमुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए देश में सभी जातियों और धर्मों के लोगों के बीच आपसी एकता को बांटने का काम कर रही है। घ्राज्यमंत्री की मौजूदगी पर उठाए सवाल घ्सुशील पासी ने घटनाक्रम का ब्योरा देते हुए कहा कि कल भारतीय जनता पार्टी के ध ारना–प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के सामने रायबरेली के सांसद राहुल गांधी को सरेआम भद्दी–भद्दी गालियां दी गईं और भड़काऊ बयानबाजी की गई। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और संवैधानिक पद पर बैठे नेता के सामने इस तरह की बेहूदी भाषा का इस्तेमाल करना लोकतंत्र की मर्यादा के खिलाफ है। घ्प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग घ्प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के सामने अपनी मांग रखते हुए स्पष्ट किया कि अपने नेता के खिलाफ इस तरह के अपशब्दों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मांग की है कि सरेआम गाली देने वाले और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले संबंधित लोगों पर तत्काल और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि कानून व्यवस्था और राजनीतिक मर्यादा बनी रहे।

# शिक्षा विभाग की मिलीभगत से धूम मचाती प्राइवेट गाड़ियां

### - मानकों को ताक पर रखकर स्कूलों में दौड़ रहे वाहन
### - बिना फिटनेस-मेंटेनेंस बच्चों को ढोने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ तहसील क्षेत्र में संचालित कई निजी विद्यालयों में बच्चों को लाने–ले जाने के लिए लगाए गए निजी वाहनों की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्कूल वाहनों की फिटनेस, नियमित मेंटेनेंस और सुरक्षा मानकों की जांच किए बिना ही बच्चों को बैठाकर सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। एक–एक विद्यालय में दर्जनों वाहन बच्चों को ढोते नजर आते हैं। आरोप है कि कुछ वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने, वाहन की स्थिति खराब होने और आवश्यक सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। यदि इन आरोपों की जांच सही पाई जाती है तो यह बच्चों की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ माना जाएगा। फिटनेस और सुरक्षा मानकों की जांच कौन करेगा? सबसे बड़ा सवाल परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर उठ रहा है। स्कूलों के आसपास प्रतिदिन ऐसे वाहन संचालित होने के बावजूद क्या इनकी नियमित जांच की जा रही है? क्या सभी वाहनों के पास वैध फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा और अन्य जरूरी दस्तावेज हैं? क्या वाहन चालक निर्धारित नियमों के अनुसार बच्चों को सुरक्षित परिवहन की सुविधा दे रहे हैं? स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जिम्मेदार विभाग समय रहते स्कूल वाहनों की सघन जांच कर ले तो नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों पर कार्रवाई हो सकती है और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। शिक्षा विभाग भी क्यों नहीं ले रहा संज्ञान? स्कूलों में बच्चों के आवागमन के लिए बड़ी संख्या में निजी वाहन लगे होने के बावजूद शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि




स्कूल प्रबंधन द्वारा लगाए गए वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था की गंभीरता से जांच नहीं की जा रही है। कहीं हादसे के बाद न खुले जिम्मेदारों की आंखें सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? बच्चों से भरी गाड़ियां रोजाना सड़कों पर दौड़ रही हैं। ऐसे में यदि किसी वाहन की खराब फिटनेस या ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? स्थानीय लोगों ने एआरटीओ और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से डलमऊ तहसील क्षेत्र के निजी विद्यालयों में संचालित सभी स्कूल वाहनों की संयुक्त जांच कराने, फिटनेस, परमिट, बीमा, चालक के दस्तावेज, वाहन की क्षमता और सुरक्षा उपकरणों की जांच कराने की मांग की है।

# अनियंत्रित पानी का टैंकर पलटने से सड़क किनारे बैठे युवक की मौत

### - घटना के बाद ट्रैक्टर-टैंकर छोड़कर भागा चालक, पुलिस तलाश में जुटी

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। थाना महोबकंठ के पचारा गांव में सड़क किनारे बैठे एक 30 वर्षीय ग्रामीण पर एक पानी से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसकी टैंकर के नीचे दबने से मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और पुलिस व मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मृतक के परिजनों की तहरीर पर टैंकर चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच फरार चालक और टैंकर स्वामी का पता लगाते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है। पचारा गांव निवासी पुष्पेंद्र किसी काम से सड़क किनारे बैठा हुआ था,



तभी घरेलू उपयोग के लिए ट्रैक्टर से पानी से भरा एक टैंकर गांव की तरफ जा रहा था, तभी चालक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे बैठे पुष्पेंद्र के ऊपर गिर गया, जिससे वह टैंकर के नीचे दब गया और मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और टैंकर को उठाने की कोशिश की, लेकिन भारी होने के कारण वह सीधा नहीं कर सके। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों के साथ साथ पुलिस को घटना की सूचना दी। दुर्घटना के बाद घबराया चालक ट्रैक्टर और टैंकर मौके पर छोड़कर वहां से खिसक गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि टैंकर पलटने से पुष्पेंद्र की मृत्यु हुई है। मृतक के परिजनों ने आरोपित चालक के विरुद्ध तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच करते हुए चालक की तलाश करते हुए आवश्यक कारवाई करने में जुट गई है।

## सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को सम्मान के साथ दी भावभीनी विदाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस विभाग में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वरिष्ठ पुलिस अध ाीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की गई। शुक्रवार को आयोजित विदाई कार्यक्रम में पुलिस विभाग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए निरीक्षक नागरिक पुलिस भीमसेन पौनिया, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस भारत सिंह, उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस यशवीर सिंह तथा मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस उमाशंकर को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को स्मृति चिह्न, घड़ी, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेंट कर उनके सेवाकाल की सराहना की। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग में उनके द्वारा दी गई सेवाएं सदैव सम्मान के साथ याद की जाएंगी। इस दौरान सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को आश्वस्त किया गया कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर विभाग द्वारा यथासंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। विदाई समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त साथियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। सेवानिवृत्त होने



वालों में निरीक्षक नागरिक पुलिस भीमसेन पौनिया, प्रभारी डीसीआरबी, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस भारत सिंह, नियुक्ति भरथना, उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस यशवीर सिंह, नियुक्ति पुलिस लाइन तथा मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस उमाशंकर, नियुक्ति पुलिस लाइन शामिल रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर अभय नाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सन्तोष कुमार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छह महीने से बंद रेलवे फाटक पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

### – मंगलवार से आंदोलन की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो/मीरानपुर कटरा, शाहजहाँपुर। लाईओवर निर्माण के कारण पिछले छह महीने से बंद पड़े रेलवे फाटक संख्या 341/एसपीएल को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण रेलवे फाटक पर एकत्र हुए और रेल प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) मुरादाबाद के नाम संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी अवधेश



कुमार सेंगर को सौंपकर जल्द समाधान की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि फाटक बंद होने के बाद रेलवे प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग की कोई व्यवस्था नहीं की। इससे आसपास के कई गांवों के लोगों को रोजाना 10 से 11 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों, व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को हो रही है। आपात स्थिति में एम्बुलेंस को भी लंबा रास्ता तय करना पड़ता है, जिससे मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। बरसात के कारण रास्ते खराब होने से समस्या और गंभीर हो गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि लाईओवर बनने तक रेलवे फाटक संख्या 341/एसपीएल या 342/एसपीएल में से किसी एक को पैदल यात्रियों, दोपहिया वाहनों और ई–रिक्शा के लिए खोला जाए। साथ ही सुरक्षा के लिए रेलकर्मियों की तैनाती की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो मंगलवार से बड़े स्तर पर धरना–प्रदर्शन और जन आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह रेल प्रशासन की होगी।

## शराब पीने के आरोप में आठ गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे

न्यूज वाणी ब्यूरो/दुर्गावती, कैमूर। दुर्गावती थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए शराब पीने के आरोप में आठ लोगों को गिरतार किया। सभी गिरतार अभियुक्तों की चिकित्सीय जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद उनके विरुद्ध अलग–अलग अप्राथमिकी संख्या 97/26, 98/26, 99/26, 100/26, 101/26, 102/26, 103/26 एवं 104/26 दर्ज की गई। गिरतार अभियुक्तों में तेजबली कुमार (35), पिता शिवमुनी राम, ग्राम शुधिया, थाना दुर्गावती, जिला कैमूरय विकास कुमार (28), पिता चना राम, ग्राम पंची, थाना सोनहन, जिला कैमूर अभिषेक यादव (24), पिता अमरेंद्र यादव, ग्राम पिपरिया, थाना मोहनिया, जिला कैमूर रोहित कुमार (18), पिता धनेश्वर पासवान, ग्राम रोहुआ, थाना दुर्गावती, जिला कैमूर रामप्रवेश राम (25), पिता घनश्याम राम, ग्राम पंची, थाना सोनहन, जिला कैमूरय घाशी राम (32), पिता बालकिशुन राम, ग्राम चिढ़ाई, थाना कंदवा, जिला चंदौली (उत्तर प्रदेश) रिंकू प्रसाद (38), पिता हेमराज, ग्राम पचोरकर थाना बाबरी जिला चंदौली (उत्तर प्रदेश) तथा अभिमन्यु सिंह, पिता कमोद सिंह, ग्राम सागर, थाना सोनहन, जिला कैमूर शामिल हैं। दुर्गावती थाना पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## औषधि निरीक्षक ने ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण

### – 10 औषधियों के नमूने जांच हेतु लिए

न्यूज वाणी ब्यूरो/मऊ। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक आशुतोष कुमार चौबे द्वारा मेसर्स जनपदीय ड्रग वेयर हाउस, यूपीएमएससीएल द्वारा संचालित बघली पिजरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न औषधियों के कुल 10 नमूने जांच एवं विश्लेषण हेतु संग्रहित किए गए। मौके पर प्रभारी फार्मासिस्ट अजय कुमार पाण्डेय उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान भंडारित औषधियों के रख–रखाव एवं भंडारण व्यवस्था का अवलोकन किया गया तथा उन्हें औषधियों का भंडारण निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। औषधि निरीक्षक ने बताया कि निरीक्षण आख्या को आवश्यक कार्रवाई हेतु औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी (विक्रय), आजमगढ़ मंडल, आजमगढ़ को प्रेषित कर दिया गया है। साथ ही, संग्रहित नमूनों की परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार विधिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जनपदवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रखने की बात कही।

## राज्य कर्मचारियों की सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल की तिथि में परिवर्तन

### – अब 13 अगस्त को होगा आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/मऊ। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य कर्मचारियों के कल्याण, खेल प्रतिभाओं के विकास एवं शारीरिक सु.ढ़ीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही सिविल सर्विसेज चयन/ट्रायल की तिथि में परिवर्तन किया गया है। जिला क्रीड़ा अधिकारी डीपी सिंह ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु आयोजित होने वाले इस चयन/ट्रायल का आयोजन अब 13 अगस्त प्रातः 10 बजे से डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा। पूर्व निध ाारित कार्यक्रम के अनुसार यह चयन/ट्रायल 6 अगस्त को प्रस्तावित था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर नई तिथि निर्धारित की गई है। चयन/ट्रायल में एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो–खो, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, तैराकी, कुश्ती, जूडो, पावर लिटिंग, क्रिकेट, कैरम, शतरंज सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस चयन/ट्रायल में राज्य सरकार के समस्त विभागों के नियमित कर्मचारी, शिक्षक, सहायक अध्यापक, परिषद, बोर्ड, नगर निकाय, पंचायत तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागियों को अपने विभागाध्यक्ष द्वारा जारी कार्यमुक्ति/कार्यरत होने का प्रमाण–पत्र चयन/ट्रायल में प्रतिभाग करने से पूर्व प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने जनपद के सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध किया है कि वे अपने विभाग के इच्छुक खिलाड़ियों को समय से चयन/ट्रायल में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित एवं नामित करें, ताकि अधिक से अधिक कर्मचारी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जनपद का प्रतिनिधित्व कर सकें।

# सूबेदार सिंह का चला यातायात पर हंटर

## – 131 चालान से मचा हड़कंप, 3.75 लाख का जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में यातायात नियमों के पालन को लेकर लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह द्वारा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह द्वारा सोशल मीडिया एवं विभिन्न माध्यमों



से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ–साथ जमीनी स्तर पर भी अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि जागरूकता अभियान के बावजूद बड़ी संख्या में वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किए जाने के चलते यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह की टीम द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह ने चेकिंग अभियान चलाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 131 वाहनों के चालान किए गए तथा 375000 रुपये का शमन शुल्क लगाया गया। यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह की इस कार्रवाई से नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना ही नहीं, बल्कि वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना विकसित करना भी है। अधिकारियों के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह ने स्पष्ट संदेश दिया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। वाहन चालक दोपहिया हो या चारपहिया, नियमों का उल्लंघन करने पर किसी भी व्यक्ति को राहत नहीं दी जाएगी और कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह की लगातार सक्रियता से शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस की सख्ती साफ दिखाई दे रही है। जागरूकता अभियान के साथ–साथ चेकिंग और चालानी कार्रवाई के माध्यम से यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने का प्रयास लगातार जारी है। चेकिंग अभियान के दौरान यातायात उपनिरीक्षक सूबेदार सिंह के साथ होमगार्ड आक्रोश कुमार भी मौके पर मौजूद रहे।

# डीएम-एसएसपी ने केंद्रीय कारागार का किया औचक निरीक्षण

## – सुरक्षा व्यवस्था पर दिए कड़े निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कानून–व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं एवं सीसीटीवी निगरानी सहित विभिन्न व्यवस्थाओं




का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कारागार परिसर की बैरकों, पाकशाला, जेल अस्पताल तथा सीसीटीवी निगरानी कक्ष का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा पाकशाला में साफ–सफाई और स्वच्छता के उच्च मानक बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कारागार की बाउंड्री वॉल, वॉच टावर एवं मुख्य प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए तैनात सुरक्षाकर्मियों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कैमरों की चौबीसों घंटे निर्बाध कार्यप्रणाली एवं लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कारागार प्रशासन को बैरकों में नियमित एवं आकस्मिक तलाशी अभियान चलाने के लिए कहा गया, ताकि किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री जेल परिसर के भीतर न पहुंच सके। जेल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान बंदियों के समुचित उपचार, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बंदियों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन में गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा बैरकों एवं पूरे कारागार परिसर में साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जेल की बाहरी एवं आंतरिक सुरक्षा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को पूर्ण सतर्कता बरतने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संयुक्त निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा कारागार के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सलोन ब्लाक में माटीकला स्थापना पखवाड़ा व जागरुकता शिविर आयोजित

## - विधायक ने 10 लाभार्थियों को माटीकला कारीगर पंजीकरण का प्रमाण पत्र किया वितरित

न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली। उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के तत्वाधान में विकास खण्ड सलोन के सभागार में माटीकला स्थापना पखवाड़ा/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सलोन अशोक कुमार ने प्रतिभाग किया। अतिथियों द्वारा महात्मागांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में उपस्थित माटीकला एवं हस्तशिल्प से जुड़े परम्परागत कारीगरों, लाभार्थियों तथा ग्रामीणों को उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई, अधिकारियों द्वारा योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान माटीकला के क्षेत्र में कार्य करने वाले कारीगरों को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के संबंध में भी जागरूक किया गया। ग्रामीणांचलों में माटीकला को



बढ़ावा देने तथा पारंपरिक कारीगरी को संरक्षित रखते हुए इसे आय का बेहतर माध्यम बनाने पर विशेष जोर दिया गया। विधायक अशोक कुमार ने माटीकला से जुड़े कारीगरों एवं उद्यमियों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक माटीकला हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उचित प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग एवं योजनाओं का लाभ लेकर कारीगर अपने उत्पादों की गुणवत्ता एवं बाजार उपलब्धता बढ़ाते हुए आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। इसी दौरान विधायक द्वारा 10 लाभार्थियों को माटीकला कारीगर पंजीकरण का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर में संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम का उद्देश्य माटीकला से जुड़े लोगों तक शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित कर स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना रहा। मंच का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष गौतम, उपजिलाधिकारी सलोन अंकित कुमार, जिला विकास प्रबंधक नबार्ड, जिला अग्राणी प्रबंधक, खण्ड विकास अधिकारी सलोन शशि कुमार तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी, माटीकला से जुडे परम्परागत कारीगर, शिल्पी, लाभार्थीगण व ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# कागजों में दौड़ता रहा विकास ग्राम प्रधान खाता रहा सरकारी धन

## – पिलखा गांव में विकास के दावों की खुली पोल, ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ खोला मोर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। तहसील क्षेत्र के पिलखा गांव में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की कार्यशैली और



गांव में विकास कार्यों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में विकास के नाम पर कागजों में खानापूर्ति की जा रही है, जबकि धरातल पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में नालियों का निर्माण और सफाई व्यवस्था नहीं हो सकी है। जगह–जगह गंदगी और जलभराव की स्थिति बनी हुई है। आरोप है कि गांव में नियमित रूप से सफाई कर्मी नहीं पहुंचते, जिसके चलते नालियां गंदगी से पट रही हैं और ग्रामीणों को खुद सफाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। तालाब सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों पर भी सवाल ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर भी अपेक्षित काम नहीं हुआ। वहीं अन्य विकास कार्यों को लेकर भी ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र ग्रामीणों तक पूरी तरह नहीं पहुंच रहा है। गांव में बीमारी फैलने का खतरा गंदगी, जलभराव और सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते साफ–सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश पिलखा गांव के ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जिम्मेदारों से गांव की समस्याओं को लेकर शिकायत की गई, लेकिन स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया। ग्रामीण अब पूरे मामले की जांच कराकर विकास कार्यों में खर्च सरकारी धन का सत्यापन कराने और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब सवाल यह है कि आखिर गांव के विकास के लिए आने वाला पैसा कहां खर्च हो रहा है और यदि सरकारी योजनाएं धरातल पर पहुंच रही हैं तो पिलखा गांव की यह बदहाल तस्वीर क्यों नजर आ रही है?

# स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मिला सॉट स्किल्स प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत शुक्रवार को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित दो दिवसीय सक्षम प्रवाह, टीआईएसएस द्वारा काउंसलिंग सॉट स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को टीबी रोगियों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने, संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा बेहतर काउंसलिंग कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सीएमओ आफिस रायबरेली में आयोजित किया गया, जिसमें सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (एसटीएस), सीनियर टीबी लैबोरेटरी सुपरवाइजर (एसटीएलएस), टीबी हेल्थ विजिटर सहित कुल 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह ने बताया कि किसी भी टीबी रोगी के उपचार में दवाओं के साथ–साथ स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का व्यवहार भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई बार रोगी की आधी परेशानी केवल संवेदनशील व्यवहार और सही संवाद से ही कम हो जाती है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) के सहयोग से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए ३सक्षम प्रवाह प्रोजेक्ट के तहत काउंसलिंग सॉट स्किल्स३ प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को टीबी रोगियों से प्रभावी संवाद स्थापित करने, उनकी भावनाओं और मनोदशा को समझने तथा सामान अनुभूति व्यवहार एव निष्पक्ष भूमिका अपनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें संवाद शैली, हाव–भाव, बॉडी लैंग्वेज और मरीजों का विश्वास जीतने के तरीकों पर विशेष जोर दिया गया, ताकि वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याएं साझा कर सकें। डॉ. सिंह ने कहा कि यदि स्वास्थ्य कार्यकर्ता धैर्य, सम्मान और संवेदनशीलता के साथ रोगियों से संवाद करेंगे तो मरीज उपचार के प्रति अधिक सकारात्मक रहेंगे और इलाज से जुड़ी कठिनाइयों को खुलकर बता सकेंगे। वहीं, रूखा या असंवेदनशील व्यवहार



मरीजों को अपनी समस्याएं साझा करने से रोक सकता है। इसलिए प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता मरीजों को यह भरोसा दिलाएं कि टीबी का इलाज पूरी तरह निःशुल्क है और उनकी सामाजिक या आर्थिक स्थिति उपचार में बाधा नहीं बनेगी। स्वास्थ्य विभाग हर कदम पर उनके साथ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के व्यक्तिगत व्यवहार और तनाव प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। यदि उनका व्यवहार परिवार और कार्यस्थल दोनों जगह संतुलित और सकारात्मक होगा, तो उसका सकारात्मक प्रभाव उनकी कार्यशैली और रोगियों को दी जाने वाली सेवाओं पर भी दिखाई देगा। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शम्स रिजवान ने कहा कि यह प्रशिक्षण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इससे वे तकनीकी दक्षता के साथ–साथ टीबी रोगियों के साथ बेहतर संवाद और विश्वास का संबंध स्थापित कर सकेंगे, जो उपचार की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रशिक्षण टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) की प्रशिक्षक डॉ. रेखा गुप्ता एवं सुनीता यादव द्वारा दिया गया।

# श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की बालिकाओं ने बैडमिंटन में रचा इतिहास

## - बनी लगातार तीसरी बार ओवरऑल चैंपियन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। जनपद स्तरीय बैडमिंटन (बालिका वर्ग) प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मुकाबले आज श्री गांधी विद्यालय इण्टर कॉलेज सिधौली में खेले गए। अंडर 14 बालिका एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की कलपी राठौर ने जनता इण्टर कॉलेज कल्याणपुर की चांदनी गिहार को एकतरफा मुकाबले में 21–03 से हराया। अंडर 14 बालिका युगल वर्ग के फाइनल मुकाबले में श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की कलपी राठौर/पल्लवी ने नेशनल इण्टर कॉलेज, सिधौली की साक्षी, अंशी अवस्थी को एकतरफा मुकाबले में 21–07 से हराया। अंडर 17 बालिका एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की आदर्शनी ने नेशनल इण्टर कॉलेज की नमरा को एकतरफा मुकाबले में 21–06 से हराया। अंडर 17 बालिका



युगल वर्ग के फाइनल मुकाबले में श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की आदर्शनी/शगुन ने नेशनल इण्टर कॉलेज की नमरा, आकांक्षा चौधरी को एकतरफा मुकाबले में 21–07 से हराया। अंडर 19 बालिका एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की सुनीता ने श्री गांधी विद्यालय इण्टर कॉलेज की रोशनी को 21–13 से हराया। अंडर 19 बालिका युगल वर्ग के फाइनल मुकाबले में श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की सुनीता/खुशी राठौर ने श्री गांधी विद्यालय इण्टर कॉलेज की अलका/जौहरा को 21–09 से से हराकर बालिका वर्ग में ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का संचालन जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नंदन पाण्डेय और विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी भूषण कुमार मिश्र ने किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक के रूप में डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी, विवेक कुमार शुक्ल, अवनीश कुमार सिंह, पवन कुमार, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, मुख्तार अली आदि ने अपना योगदान प्रदान किया। पुरस्कार वितरण आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य के.के. शुक्ल ने किया।

# पुलिस मॉडर्न स्कूल की बेटियों ने रचा इतिहास

## – स्वर्ण पदक के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बनाई जगह

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप में पुलिस मॉडर्न स्कूल की दो छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर जनपद, पुलिस परिवार एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दोनों छात्राओं का चयन राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। 27 जुलाई से 30 जुलाई तक प्रयागराज में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो चौंपियनशिप में पुलिस मॉडर्न स्कूल की छात्रा मानवी ने अंडर–11 आयु वर्ग के 40 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में तथा छात्रा ट्विंकल ने अंडर–17 आयु वर्ग के 70 किलोग्राम से कम भार



वर्ग में उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के बाद दोनों खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए किया गया है। राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 29 सितम्बर से 24 अक्टूबर तक मिनर्वा पब्लिक स्कूल करनाल हरियाणा में प्रस्तावित है। इस प्रतियोगिता में मानवी एवं ट्विंकल पुलिस मॉडर्न स्कूल तथा जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने दोनों स्वर्ण पदक विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना के विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन कर जनपद एवं उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक सक्सेना ने दोनों छात्राओं की उपलब्धि को विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने छात्राओं के निरंतर अभ्यास, समर्पण एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। इस सफलता में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक गजेन्द्र सिंह एवं अलका सिंह, साथ ही प्रशिक्षक दीक्षा अवस्थी एवं ललिता यादव के मार्गदर्शन और अथक परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने मानवी एवं ट्विंकल को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# महिलाओं को सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना ऊसराहार पुलिस ने ग्राम रुद्रपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं आमजन को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के संबंध में जानकारी दी गई।




पुलिस टीम ने जरूरत के समय उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताते हुए पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए। लोगों को समझाया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें, किसी संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें तथा ऑनलाइन लेन–देन के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने हेतु प्रेषित किया गया एवं बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में फरियादियों की सुनीं समस्याएं

## – तत्काल कार्रवाई के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में नियमित जनसुनवाई करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं।



इस दौरान फरियादियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को लेते हुए उनकी शिकायतों के न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया गया। जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से स्वयं वार्ता कर शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्षता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इटावा पुलिस की जनसुनवाई व्यवस्था के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे सुना जा रहा है। पुलिस विभाग का उद्देश्य शिकायतों का तत्परता, निष्पक्षता एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण कर फरियादियों को न्याय दिलाना है। पुलिस के अनुसार फरियादियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान उसकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

# हादसा : पेड़ की डाल गिरने से फार्च्युनर चकनाचूर

**– पटेल नगर में सेंट्रल बैंक के सामने हुआ हादसा**

**– निजी नर्सिंग होम संचालक की कार बनी मलबा**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के व्यस्त इलाके पटेल नगर स्थित आईटीआई रोड पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। सेंट्रल बैंक के सामने वर्षों पुराने पेड़ की विशाल डाल अचानक भरभराकर नीचे आ गिरी और सड़क किनारे खड़ी फार्च्युनर कार को अपनी चपेट में ले लिया। भारी भरकम डाल के गिरते ही जोरदार धमाका हुआ और कार का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और कुछ देर के लिए अफरा–तफरी का माहौल बना



रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त तेज हवा चल रही थी। इसी दौरान वर्षों पुराने पेड़ की कमजोर हो चुकी डाल टूटकर सीधे कार पर आ गिरी। क्षतिग्रस्त कार आईटीआई रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम संचालक की बताई जा रही है, जो बैंक के सामने खड़ी थी। संयोग से उस समय कार में कोई सवार नहीं था। लोगों का कहना है कि यदि कार में कोई बैठा होता या उसी समय कोई राहगीर वहां से गुजर रहा होता तो यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि शहर में कई स्थानों पर वर्षों पुराने और जर्जर पेड़ खड़े हैं, जिनकी समय पर न तो छंटाई कराई जाती है और न ही उनकी स्थिति का परीक्षण किया जाता है। बरसात और तेज हवा के मौसम में ऐसे पेड़ कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। घटना में भले ही कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार को भारी नुकसान पहुंचा है।

## अदालती नोटिस

(न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), फतेहपुर) वाद संख्या : 614 / 2026 शिवप्रकाश, उम्र लगभग 36 वर्ष, पुत्र ननक, निवासी ग्राम सैबसी, पोस्ट सरकण्डी, परगना गाजीपुर, तहसील एवं जनपद फतेहपुर, हाल मुकाम– कस्बा असोथर, सर्वोदय इंटर कॉलेज के पास, तहसील एवं जनपद फतेहपुर। ...वादी बनाम ननक, उम्र लगभग 70 वर्ष, पुत्र सुखलाल। गयाप्रकाश, उम्र लगभग 38 वर्ष, पुत्र ननक, निवासी ग्राम सैबसी, पोस्ट सरकण्डी, परगना गाजीपुर, तहसील एवं जनपद फतेहपुर। ...विपक्षीगण उपरोक्त वाद न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), फतेहपुर में विचाराधीन है। वादी द्वारा यह वाद खाता संख्या 333, गाटा संख्या 874 / 0.3640, स्थित मौजा सरकण्डी द्वितीय, परगना गाजीपुर, तहसील एवं जनपद फतेहपुर की पैतृक भूमि के संबंध में स्थायी निषेधाज्ञा प्राप्त करने हेतु संस्थित किया गया है। वाद में प्रार्थना की गई है कि विपक्षीगण उक्त संपत्ति को किसी अन्य व्यक्ति अथवा विपक्षी संख्या–2 के कहने पर उसके, उसके परिवार अथवा किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में विक्रय, हस्तांतरण अथवा अन्य प्रकार से निस्तारित न करें। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद की अगली सुनवाई दिनांक 28 अगस्त, 2026 को न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), फतेहपुर में नियत है। यदि किसी व्यक्ति का उक्त संपत्ति अथवा वाद से संबंधित कोई वैधानिक अधिकार, दावा या आपत्ति हो तो वह नियत तिथि पर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा न्यायालय उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों के आधार पर विधि अनुसार निर्णय पारित करेगा। आदेशानुसार न्यायालय सिविल जज (जू०डि०),फतेहपुर प्रकाशन दिनांकः 30 जुलाई, 2026 ।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद अनीस, पुत्र अब्दुल हमीद, निवासी ग्राम टिकरी, विकास खंड हथगाम, तहसील खागा, जनपद फतेहपुर, उत्तर प्रदेश ने शपथपत्र के माध्यम से यह घोषणा की है कि उनके पुत्र मुहम्मद मोईन शेख का जन्म दिनांक 02 अगस्त 1993 को उपरोक्त पते पर हुआ था। शपथपत्र के अनुसार उक्त जन्म का जन्म प्रमाण पत्र आज तक किसी भी सरकारी अथवा गैर–सरकारी संस्था, सरकारी / निजी अस्पताल, क्लीनिक, स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत अथवा लोकवाणी / जन सेवा केंद्र द्वारा जारी नहीं किया गया है। आवश्यक कार्यवश विलंबित जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु संबंधित प्राधिकारी के समक्ष आवेदन एवं शपथपत्र प्रस्तुत किया गया है। शपथकर्ता ने यह भी घोषित किया है कि शपथपत्र में अंकित समस्त तथ्य उनकी जानकारी के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही हैं तथा भविष्य में यदि कोई तथ्य असत्य या कूटरचित पाया जाता है, तो उसकी समस्त विधिक जिम्मेदारी स्वयं शपथकर्ता की होगी। मोहम्मद अनीस पुत्र स्वर्गीय / श्री अब्दुल हमीद निवासीरू ग्राम टिकरी, विकास खंड हथगाम, तहसील खागा, जनपद फतेहपुर, उत्तर प्रदेश।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर | फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करुणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/– में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/– में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# पुलिस की ढुलमुल कार्यप्रणाली के विरोध में गुलाबी गैंग नाराज

## - जाफरगंज थाने का घेराव कर की नारेबाजी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाने में शुक्रवार को गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की राष्ट्रीय अध्यक्ष



हेमलता पटेल के नेतृत्व में संगठन की पदाधिकारियों, प्रताड़ित महिला व उसके परिजनों ने पुलिस की ढुलमुल कार्यप्रणाली और खराब बर्ताव के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। अध्यक्ष हेमलता पटेल जाफरगंज थाने पहुंचीं। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार शुक्ल से वार्ता की। अध्यक्ष ने पुलिस को कागजों का पुलिंदा दिखाते हुए साफ कहा कि पुलिस ने 28 तारीख की घटना का मुकदमा तो लिख लिया है लेकिन अपराधी देवर अखिलेश कुमार को गिरतार न करके अपनी पीठ थपथपाने का काम कर रही है। पुलिस की इसी सुस्ती और नाकामी के कारण अपराधी के हौसले इतने बुलंद हो गए कि उसने अगले ही दिन 29 तारीख को सोती हुई पीड़िता के बिस्तर के पास आकर छेड़खानी की और उसके बाद बर्बरता की सारी हदें पार करते हुए उसका सिर फोड़ दिया और हाथ की भुजा से दांत से काटकर मांस निकाल लिया। अध्यक्ष हेमलता पटेल ने बताया कि 29 तारीख की इस खौफनाक वारदात के बाद से पीड़िता तीन दिनों तक थाने में बैठी रही, लेकिन जाफरगंज पुलिस का बर्ताव और सक्रियता बेहद शर्मनाक रही। न तो महिला का पूरक बयान दर्ज किया गया और न ही मुकदमे में गंभीर धाराएं बढ़ाई गईं। देवर पीड़िता व उसके बूढ़े माता–पिता को जान से मारने की लगातार धमकियां दे रहा है। पुलिस ने आनन–फानन में बैकफुट पर आते हुए पीड़िता का पूरक बयान दर्ज करना शुरू किया और जांच के बाद धाराएं बढ़ाने का आष्वासन दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मांग किया कि 29 तारीख की जघन्य जानलेवा घटना पर धाराएं तुरंत मुकदमे में जोड़ी जाएं। अगर तीन दिनों के भीतर दरिंदे देवर अखिलेश कुमार और उसे शह देने वाले सास–ससुर को जेल की सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया, तो गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक जिला मुख्यालय में एसपी से प्रभावी वार्ता करेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष सरला सिंह, उत्तरा, संयोगिता वर्मा, राजरानी, सरिता देवी आदि लोग रहीं।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर जवानों की कराई दौड़

## - परेड से लेकर अर्दली रूम तक परखी व्यवस्था

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस लाइन में शुक्रवार को अनुशासन, फिटनेस व कार्य कुशलता का संगम देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के बाद जवानों की शारीरिक दक्षता परखी और पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि बेहतर कानून व्यवस्था के लिए पुलिस बल का शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह फिट होना आवश्यक है। शुक्रवार सुबह आयोजित साप्ताहिक परेड में पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी, यातायात शाखा के पुलिस कर्मी तथा पुलिस लाइन में तैनात जवान शामिल हुए। एसपी ने परेड का निरीक्षण कर जवानों की वर्दी, अनुशासन और कदमताल का जायजा लिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों की शारीरिक क्षमता को बनाए रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई। टोलीवार ड्रिल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, जिससे पुलिस बल हर चुनौती से निपटने के लिए सदैव तैयार रहे। परेड समाप्त होने के बाद एसपी ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, कैंटीन, वर्दी स्टोर, आवासीय कॉलोनी, परिवहन शाखा, यूपी–112 शाखा तथा पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने वाहनों की स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता, साफ–सफाई और



रखरखाव का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी तो उसका सीधा असर पुलिसिंग की गुणवत्ता पर भी दिखाई देगा। एसपी ने साप्ताहिक अर्दली रूम में विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों और अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने, कार्यालयी कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# पांच सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को एसपी ने दी विदाई

## - शॉल, घड़ी व स्मृति-चिह्न भेंटकर किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। वर्षों तक जनसेवा और कानून–व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने वाले पांच पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शुक्रवार को सम्मान के साथ पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान को याद किया और उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस राजेन्द्र, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस चन्द्रभान यादव, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस राज बहादुर सरोज, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस राजेन्द्र सिंह यादव तथा



प्रधान परिचालक हंसराज यादव को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक एवं क्षेत्राधिकारी लाइन ने पुष्पमाला पहनाकर शॉल ओढ़ाई। साथ ही घड़ी एवं स्मृति–चिह्न भेंट कर उनके लंबे और उत्.ष्ट सेवाकाल के प्रति सम्मान व्यक्त किया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का दायित्व है। सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन कर विभाग की गरिमा बढ़ाई है। उनके अनुभव और योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। विदाई समारोह का माहौल भावुक होने के साथ–साथ सम्मान से भी ओत–प्रोत रहा। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त साथियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और सफल जीवन की कामना की। समारोह के अंत में सभी ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# दहेज हत्या के मामले में फरार सास-ससुर गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दहेज हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे सास–ससुर को आखिरकार हुसैनगंज पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को थाना हुसैनगंज पुलिस ने दोनों वांछित आरोपियों को गिरतार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना हुसैनगंज में दर्ज मुकदमा संख्या 107 / 2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85, 115(2), 352, 80(2) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 / 4 के तहत दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज है। इस मामले में आरोपी मनोहर सिंह उर्फ राजू सिंह पुत्र रामनारायण सिंह तथा उनकी पत्नी फूलो देवी निवासी ग्राम पतरिया मजरे फसी थाना हुसैनगंज फरार चल रहे थे। पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी थी। शुक्रवार को सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों को गिरतार कर लिया। गिरतारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों से आवश्यक पूछताछ की और विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि दहेज उत्पीड़न और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बुद्धमान सिंह, कांस्टेबल अशोक कुमार यादव, मो. इरफान अंसारी, महिला कांस्टेबल नेहा तोमर षामिल रही।

# पुलिस के डॉग स्क्वायड में शामिल हुआ ट्रैकर डॉग सूर्या

**– एसपी ने पुलिस लाइंस में किया निरीक्षण**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अपराधियों पर शिकंजा कसने की दिशा में पुलिस ने एक और बड़ा कदम उठाया है। अब जिले में हत्या, चोरी, डकैती और अन्य जघन्य अपराधों के आरोपियों का बच निकलना पहले जितना आसान नहीं होगा। जनपद पुलिस के डॉग स्क्वायड बेड़े में अत्याधुनिक प्रशिक्षण प्राप्त ट्रैकर डॉग सूर्या को शामिल किया



गया है। यह हाईटेक ट्रैकर डॉग घटनास्थल से गंध के आधार पर अपराधियों के सुराग तलाशने, उनका पीछा करने और महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने में पुलिस की बड़ी ताकत साबित होगा। शुक्रवार को पुलिस लाइंस परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने नए ट्रैकर डॉग सूर्या और उसके हैंडलर्स का निरीक्षण किया। उन्होंने डॉग की कार्यकुशलता, प्रशिक्षण और ऑपरेशन के दौरान उसकी तैयारियों का जायजा लिया। एसपी ने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग में ट्रैकर डॉग की भूमिका बेहद अहम है और यह पुलिस की जांच प्रणाली को और अधिक मजबूत व वैज्ञानिक बनाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार हत्या, लूट, चोरी, डकैती और अन्य संगीन अपराधों के बाद घटनास्थल से मिले गंध के आधार पर ट्रैकर डॉग अपराधियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई मामलों में जहां सामान्य जांच के दौरान सुराग नहीं मिल पाते, वहां प्रशिक्षित डॉग अपराधियों तक पहुंचने का रास्ता तैयार कर देते हैं। यही कारण है कि देशभर की पुलिस अब वैज्ञानिक जांच प्रणाली में डॉग स्क्वायड को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है। फतेहपुर पुलिस के डॉग स्क्वायड में सूर्या के शामिल होने से अब जघन्य अपराधों के खुलासे की गति और सटीकता दोनों बढ़ेंगी। पुलिस को उम्मीद है कि इससे अपराधियों की गिरतारी और साक्ष्य जुटाने में पहले से कहीं अधिक सफलता मिलेगी। साथ ही अपराधियों में कानून का भय बढ़ेगा और आमजन का पुलिस पर विष्वास भी और मजबूत होगा।

## प्रयागराज - सीकर विशेष रेलगाड़ी का संचालन

**भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 04161/04162 प्रयागराज - सीकर सप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-**

| गाड़ी सं. 04161 प्रयागराज - सीकर | | | गाड़ी सं. 04162 सीकर - प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ------- | 17:10 | प्रयागराज | 08:50 | ------- |
| 17:40 | 17:42 | भरवारी | 06:43 | 06:45 |
| 18:33 | 18:35 | फतेहपुर | 05:58 | 06:00 |
| 19:45 | 19:50 | गोविन्दपुरी | 04:45 | 04:50 |
| 21:20 | 21:22 | फफूंद | 03:05 | 03:07 |
| 22:38 | 22:40 | इटावा | 02:15 | 02:17 |
| 23:55 | 23:57 | फतेहाबाद | 23:55 | 23:57 |
| 01:45 | 01:50 | आगरा छावनी | 23:05 | 23:10 |
| 02:50 | 02:55 | भरतपुर | 21:10 | 21:15 |
| 04:08 | 04:10 | बाँदीकुई | 19:30 | 19:32 |
| 04:32 | 04:34 | दौसा | 18:15 | 18:17 |
| 05:05 | 05:10 | खातीपुरा | 17:40 | 17:45 |
| 05:55 | 06:00 | जयपुर | 17:15 | 17:20 |
| 06:10 | 06:12 | ढेहर का बालाजी | 16:50 | 16:52 |
| 06:45 | 06:48 | रींगस | 16:10 | 16:13 |
| 08:20 | ------- | सीकर | -------- | 15:25 |

**प्रयागराज से:** गाड़ी संख्या 04161, प्रत्येक सोमवार, दिनांकः 10.08.2026 से 30.11.2026 तक, **सीकर से:** गाड़ी संख्या 04162, प्रत्येक मंगलवार, दिनांकः 11.08.2026 से 01.12.2026 तक

**गाड़ी संरचना:** सामान्य श्रेणी: 07, स्लीपर श्रेणी: 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी: 01

**नोटः- ट्रेन से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।**

**उत्तर मध्य रेलवे**

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 1755/26(AK)

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# गरीबों व मजलूमों के मसीहा थे आलम बदी आजमी : गयास

### – ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस के मंडल अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस के इलाहाबाद मण्डल अध्यक्ष गयास अहमद शेरवानी ने पूर्व विधायक स्व0 आलम बदी आजमी को श्रद्धांजलि दी। उन्होने बताया कि आलम बदी आजमी गरीबों व मजलूमों के सच्चे हमदर्द थे। उनका निधन 23 जुलाई की रात अपने गृहनगर आजमगढ़ में इस फानी दुनिया को अलविदा कह दिया। श्री शेरवानी ने बताया कि आलम बदी पेशे से एक इंजीनियर थे। पूर्वांचल में गरीबों, पिछड़ों, वंचितों व मजलूमों पर जुल्म व अत्याचार हो रहा है तब वे डा. अब्दुल जीमल की पार्टी मुस्लिम मजलिस के साथ जुड़ गए और डा. साहब उस समय हाउस में पीएसपी के नेता थे और जुल्म के खिलाफ मुखर होकर खड़े थे। उन्होने अपनी सरकारी नौकरी छोड़ दी और पूरी तरह सियासी व सामाजिक मैदान में कूद पड़े। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने जब उन्हें अपनी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने का न्योता दिया तो उन्होने स्पष्ट कहा कि यदि मजलिस से सदर इजाजत देंगे तभी वह सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। इजाजत मिलने के बाद वर्ष 1996 में वे पहली बार निजामाबाद विधानसभा से चुनाव लड़े और शानदार जीत दर्ज की। वर्ष 1996, 2002, 2012, 2017 व 2022 के चुनाव में उन्होने लगातार जीत दर्ज की। वर्ष 2007 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। वे चुनावों में मामूली पैसा खर्च करते थे और अपनी अत्यधिक सादगी, ईमानदारी व साफ–सुथरी छवि के बल पर जनता के दिलों में जगह बनाए थे। विपक्षी दलों के नेता भी उनकी सादगी, ईमानदारी व बेदाग छवि का सम्मान करते थे। उनका निधन न केवल आजमगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अपूर्णनीय क्षति है।

# अवैध ऑटो स्टैंड से राजस्व की चपत, रोडवेज की सवारियां हो रहीं कम

### – डग्गामार ऑटो स्टैंड पर कार्रवाई न होने से परिवहन विभाग को नुकसान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। खागा कस्बे में अवैध डग्गामार ऑटो स्टैंडों का संचालन थमने का नाम नहीं ले रहा है। कस्बे के कई प्रमुख स्थानों पर खुलेआम ऑटो सवारियां भरकर विभिन्न मार्गों के लिए रवाना हो रहे हैं। इससे एक ओर जहां सरकारी राजस्व को प्रतिदिन हजारों रुपये का नुकसान पहुंचने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर रोडवेज बसों की सवारियां भी लगातार प्रभावित हो रही हैं। कस्बे में कोतवाली के पास से अझुवा, भादर और नौबस्ता मार्ग के लिए, जबकि चौकी चौराहा और ब्लॉक परिसर के समीप से किशनपुर, खखरेरू सहित अन्य क्षेत्रों के लिए ऑटो सवारियां भरते हैं। दिनभर इन स्थानों पर ऑटो चालकों की भीड़ लगी रहती है और बिना किसी रोक–टोक के सवारियां बैठाकर वाहन रवाना किए जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑटो घर के नजदीक तक पहुंचा देते हैं और किराया भी अपेक्षा.त कम पड़ता है। यही कारण है कि जल्द गंतव्य तक पहुंचने की चाह में अधिकांश यात्री रोडवेज बसों की बजाय ऑटो का विकल्प चुन रहे हैं। इसका सीधा असर रोडवेज की आय पर पड़ रहा है। रोडवेज कर्मी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि अवैध ऑटो स्टैंडों के संचालन की जानकारी कई बार विभागीय अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि इन अवैध स्टैंडों पर अंकुश लगाया जाए तो रोडवेज की सवारियां बढ़ेंगी और सरकारी राजस्व को होने वाले नुकसान पर भी रोक लग सकेगी। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़कों पर अवैध स्टैंड लगने से अक्सर जाम की स्थिति भी बन जाती है, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन और परिवहन विभाग से अभियान चलाकर अवैध स्टैंडों पर कार्रवाई करने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग की है।

# कांवड़ यात्रा के लिए ट्रैफिक का मेगा प्लान लागू

### – 29 अगस्त तक भारी वाहनों की नो–एंट्री

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सावन के पवित्र महीने में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। लाखों शिवभक्तों की सुरक्षित और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने जिले में भारी एवं व्यावसायिक वाहनों के लिए विशेष डायवर्जन योजना लागू कर दी है। प्रयागराज से वाराणसी जाने वाला मार्ग कांवड़ यात्रियों के लिए आरक्षित किए जाने के कारण फतेहपुर होकर गुजरने वाले ट्रक, डंपर और अन्य भारी वाहनों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से उनके गंतव्य तक भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। यातायात पुलिस द्वारा जारी योजना के अनुसार डायवर्जन व्यवस्था चार चरणों में लागू रहेगी। पहला चरण 1 अगस्त की रात 11.55 बजे से 4 अगस्त रात 10 बजे तक, दूसरा 8 अगस्त की रात 11.55 बजे से 14 अगस्त रात 10 बजे तक, तीसरा 15 अगस्त की रात 11.55 बजे से 19 अगस्त रात 10 बजे तक तथा चौथा 22 अगस्त की रात 11.55 बजे से 29 अगस्त रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। इन अवधियों में प्रयागराज–वाराणसी मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। योजना के तहत कानपुर और फतेहपुर की ओर से वाराणसी जाने वाले सभी भारी एवं व्यावसायिक वाहन फतेहपुर, लालगंज, रायबरेली, सलोन, प्रतापगढ़ (भुपियामऊ), मछलीशहर, जौनपुर, मड़ियाहूं मार्ग से होकर वाराणसी जाएंगे और वापसी भी इसी रास्ते से करेंगे। वहीं रीवा, चित्रकूट और बांदा की ओर से प्रयागराज होकर कानपुर व लखनऊ जाने वाले वाहनों को चित्रकूट, बांदा, चौडगरा, फतेहपुर, लालगंज, रायबरेली अथवा चित्रकूट, बांदा, तिंदवारी, बहुआ, कटका, कोराई मोड़, फतेहपुर, लालगंज, रायबरेली मार्ग से संचालित किया जाएगा। यातायात पुलिस ने ट्रांसपोर्टरों, वाहन चालकों और आम नागरिकों से अपील की है कि डायवर्जन अवधि में केवल निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के निर्देशों का पालन करें।

# नंद बाबा दुग्ध मिशन की ई-लॉटरी में 28 पशुपालकों का चयन

### - अस्सी हजार तक मिलेगा अनुदान, एक माह के भीतर देशी गाय खरीदने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और स्वदेशी नस्ल की गायों के संरक्षण के उद्देश्य से संचालित नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ–संवर्धन योजना की ई–लॉटरी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई। ई–लॉटरी के माध्यम से 157 पात्र आवेदकों में से 28 लाभार्थियों का चयन किया गया। बैठक में जनपद के नामित नोडल अधिकारी राजेश कुमार प्रजापति ने विभागीय पोर्टल के माध्यम से ई–लॉटरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 157 पात्र आवेदन प्राप्त हुए थे। विभाग द्वारा निर्धारित 14 महिला और 14 पुरुष, कुल 28 लाभार्थियों का ऑनलाइन ई–लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत एक इकाई की लागत दो लाख रुपये निर्धारित है, जिसमें लाभार्थियों को अधिकतम 80 हजार रुपये का अनुदान डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में दिया जाएगा। चयनित लाभार्थियों को गिर, साहिवाल, हरियाणा और थारपारकर जैसी स्वदेशी नस्ल की गाय प्रदेश के बाहर से खरीदनी होगी। गाय खरीदने के बाद ट्रांसपोर्ट बिल, ईयर टैगिंग, स्वास्थ्य प्रमाणपत्र तथा तीन वर्ष के बीमा सहित सभी आवश्यक दस्तावेज विभागीय पोर्टल एवं कार्यालय में जमा करने होंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चयनित लाभार्थियों की सुविधा के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए, ताकि उन्हें गाय खरीदने और योजना की अन्य औपचारिकताओं में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने लाभार्थियों से एक माह के भीतर गाय खरीदकर सभी अभिलेख विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे अनुदान की आगे की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समिति के सदस्य सुरेश कुमार सिंह, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक हेमंत मिश्रा, अन्य विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पात्र आवेदक उपस्थित रहे।



# नीट परीक्षा में गड़बड़ियों व शिक्षा सुधार को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

### - भारत मुक्तिमोर्चा व भारतीय विद्यार्थी मोर्चा ने उठाई ग्यारह प्रमुख मांगें

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारत मुक्ति मोर्चा व भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार तथा छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि देशभर में नीट–यूजी परीक्षा से जुड़ी अनियमितताओं और पेपर लीक जैसी घटनाओं ने करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। संगठन ने मांग की कि पूरे मामले की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि परीक्षा प्रणाली में छात्रों का विष्वास कायम रह सके। संगठन ने अपनी प्रमुख मांगों में ईवीएम से होने वाले चुनावों की समीक्षा, नीट परीक्षा का संचालन एआईआईएमएस की निगरानी में कराने, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जांच, नीट, एसएससी व सीजीएल समेत प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक पर सख्त रोक, नई शिक्षा नीति की समीक्षा, 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने, सरकारी विभागों में वर्षों से रिक्त पदों पर नियमित भर्ती शुरू करने तथा छात्रों के अधिकारों और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग शामिल की। ज्ञापन में जंतर–मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने तथा आंदोलन के दौरान छात्रों के साथ कथित दुर्व्यवहार के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई। साथ ही उत्तर प्रदेश के विष्वविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की घटाई गई सीटों को पुनः बहाल करने की मांग उठाई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजय कुमार एडवोकेट के अलावा अष्वनी कुमार एडवोकेट, मुन्ना लोधी, फूलचन्द्र एडवोकेट, षिवकुमार एडवोकेट, षिवपूजन, सत्यम, ममता देवी, रोषनी देवी, राजेष कुमार गौतम आदि मौजूद रहे।




# सड़क पर रतार का खेल पड़ेगा भारी, पुलिस का हाईटेक शिकंजा शुरू

### - एसपी ने हाईटेक इंटरसेप्टर वाहन को दिखाई हरी झंडी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में सड़क हादसों पर लगाम कसने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए पुलिस ने शुक्रवार से हाईटेक अभियान की शुरुआत कर दी। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने अत्याधुनिक तकनीक से लैस चार पहिया इंटरसेप्टर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब जिले की सड़कों पर बेलगाम रतार, स्टंटबाजी और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर तकनीक के जरिए पैनी नजर रखी जाएगी। एसपी ने कहा कि यह इंटरसेप्टर वाहन आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिससे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ साक्ष्य के आधार पर तत्काल और पारदर्शी कार्रवाई की जाएगी। वाहन में लगी स्पीड लेजर गन तेज गति से दौड़ रहे वाहनों की रतार मापेगी, ब्रेथ एनालाइजर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की पहचान करेगा, डेसीबल मीटर मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न की जांच करेगा, जबकि डिजिटल ई–चालान प्रणाली के माध्यम से मौके पर ही चालान की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार इंटरसेप्टर वाहन को जिले के दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट, प्रमुख राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों, शहर के प्रवेश एवं निकास मार्गों, चिन्हित संवेदनशील थाना क्षेत्रों तथा तेज रतार वाले इलाकों में चक्रानुसार तैनात किया जाएगा। इसके अलावा स्टंट बाइकिंग, रैश ड्राइविंग और अन्य खतरनाक यातायात उल्लंघनों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों में सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित गति सीमा का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा शराब पीकर वाहन चलाने जैसी लापरवाही से बचें। पुलिस की इस नई पहल को सड़क सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि हाईटेक इंटरसेप्टर वाहन के संचालन से ओवरस्पीडिंग, स्टंटबाजी और यातायात नियमों की अनदेखी पर प्रभावी अंकुश लगेगा तथा सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।



# किराना दुकान में चोरी, नकदी समेत हजारों का माल पार

### – कांग्रेस जिला सचिव ने कोतवाली में दी तहरीर, चोरों की गिरतारी की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला एक 42 वर्ष पुरानी किराना दुकान में चोरी का सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए चोरी गए सामान और नकदी की बरामदगी तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। नगर निवासी रामकरण प्रजापति भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला सचिव भी हैं। उन्होने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी किराना दुकान पिछले करीब 42 वर्षों से संचालित है। आरोप है कि अज्ञात चोर दुकान में घुसकर करीब एक हजार रुपये की नकदी के साथ हजारों रुपये मूल्य का सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पीड़ित का कहना है कि चोरी से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर चोरी गए सामान और नकदी की बरामदगी के साथ दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी संजय पांडेय को मामले की लिखित शिकायत सौंप दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

# अपहरण के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई दो साल की कैद

### – दोषी पर पच्चीस हजार का अर्थदंड भी लगाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस ने बीस वर्ष पुराने अपहरण के मामले में प्रभावी पैरवी कर दोषी को सजा दिलाने में सफलता हासिल की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने आरोपी को दो वर्ष के साधारण कारावास के साथ 25 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

वर्ष 2006 में थाना कल्यानपुर में वादी की तहरीर पर ग्राम मड़इया थाना किशनपुर निवासी विनोद निषाद पुत्र भोला के खिलाफ धारा 363 भादवि के तहत अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया, जहां लंबे समय तक विचारण के बाद आखिरकार दोषी को सजा सुनाई गई। स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और शासकीय अधिवक्ता योगेश कुमार ने न्यायालय में सशक्त साक्ष्य और प्रभावी पैरवी प्रस्तुत की। इसी के आधार पर षुक्रवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी विनोद निषाद को दोषी करार देते हुए दो वर्ष के साधारण कारावास और 25000 के अर्थदंड की सजा सुनाई। दोषसिद्धि सुनिश्चित कराने में प्रभारी मॉनिटरिंग सेल निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अष्विनी वर्मा, कांस्टेबल रोहित राजावत, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल विवेक कुमार, विवेचक उपनिरीक्षक रनवीर सिंह, पैरोकार आरक्षी प्रतीक कुमार, कोर्ट मुहर्रिर आरक्षी आकाश यादव तथा अभियोजक योगेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ससुराल गए युवक का सड़क पर मिला हत्यायुक्त शव

### – पिता ने बहू व उसके प्रेमी पर मढ़े आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अपनी ससुराल गए 30 वर्षीय युवक का हत्यायुक्त शव हुसैनगंज व थरियांव बार्डर पर ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है। शिनाख्त होने पर पिता ने बहू व उसके प्रेमी पर हत्या करवाने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक रसूलपुर गांव निवासी शिवकुमार का पुत्र गुलशन कुमार गुरूवार की शाम अपनी ससुराल हुसैनगंज थाने के बलदेव का पुरवा गया था। कुछ ही घंटे बाद उसका हत्यायुक्त शव हुसैनगंज व थरियांव बार्डर पर ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया है। शिनाख्त होने पर मौके पर पहुंचे पिता ने बहू अर्चना व उसके प्रेमी राममनोहर पुत्र हीरालाल निवासी चक रसूलपुर पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी बहू दो माह पूर्व मायके गई थी। जिस पर उसका पुत्र गुरूवार को लगभग तीन बजे ससुराल अपनी पत्नी को लेने गया था। फोन पर उसने यह भी बताया कि वह अपनी ससुराल पहुंच गया। कुछ ही घंटे बाद उसका शव थरियांव बार्डर पर मिला। पिता का कहना है कि शादी के बाद से ही उसकी बहू का राम मनोहर के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बीच मृतक का एक पुत्र राज 5 वर्ष व पुत्री गौरी 2 वर्ष है। आए दिन पत्नी व प्रेमी बेटे को जान से मारने की धमकी देते थे। हो सकता है दोनों ने मिलकर हत्या कर दी या फिर हत्या करवा दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के सुल्ताननगर स्थित एक रेस्टोरेंट के सामने एनएच–2 में गुरूवार की रात बेकाबू ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से 18 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका साथी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी राजीव कुमार का पुत्र आयुष कुमार अपने मित्र मुकेश कुमार के साथ बाइक से रिश्तेदारी में गया था। देर रात वापस लौटते समय जब वह सुल्ताननगर स्थित रेस्टोरेंट के सामने पहुंचा तभी पीछे से तेज रतार आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे आयुष कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं उसका साथी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए विच्छेदन गृह भेज दिया।

# झूला झूल रही किशोरी की फंदा कसने से मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के संग्रामपुर में घर पर ही झूला झूल रही 13 वर्षीय किशोरी के गले में अचानक फंदा कस जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार संग्रामपुर गांव निवासी पिन्टू लाल की पुत्री शालिनी गुरूवार की शाम अपने ही घर पर धोती से हुक में झूला बनाकर झूल रही थी। तभी अचानक साड़ी का फंदा उसकी गर्दन में फंस गया। जब तक घर वाले समझ पाते तब तक उसकी गला कसने से मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )